**Lucknow**, Sunday, 17 May 2020

LUCKNOW EDITION

Lucknow/Sitapur Distt.- ₹ 2/-
Other Distt.- ₹ 3/-
Pages 8

# दैनिक जागरण



myupchar आपकी सेहत का साथी
दवाएं खरीदने के लिए घर से बाहर न जाएं
मिस्ड कॉल करें
9742965500



www.inextlive.com Published from **LUCKNOW** • Agra • Bareilly • Dehradun • Gorakhpur • Jamshedpur • Kanpur • Meerut • Patna • Prayagraj • Ranchi • Varanasi



पेरू ने इनफेक्शंस में चीन को पछाड़ा } 8

अनन्या ने मांगी सुहाना से ड्रेस, मिला जवाब } 7



facebook.com/inextlive youtube.com/inextlive twitter.com/inextlive

inext


**WEATHER** Max : 39.2° C Min : 26.0° C Sunset : 6.47 pm Sunrise : 5.18 am

कोरोना हेल्पलाइन नंबर (लखनऊ) : 18001805145

कैसे पूरी तरह सुरक्षित है आपका न्यूजपेपर? जानने के लिए स्कैन करें यह क्यूआर कोड

## GLIMPSES

### लखनऊ में 11 पॉजिटिव

**LUCKNOW:** मुंबई से लौटे मजदूरों में कोरोना वायरस की पुष्टि हुई है. शनिवार को एक गर्भवती समेत राजधानी में 11 लोगों में वायरस की पुष्टि हुई है. ऐसे में शहर से लेकर गांव तक अफरातफरी का माहौल है. राजधानी में कोरोना संक्रमण पर अंकुश नहीं लग पा रहा है. प्रतिदिन कोई न कोई बीमारी की चपेट में आ रहा है. »PG 2

### पंजाब में हटेगा कर्फ्यू

**CHANDIGARH:** पंजाब में लॉकडाउन को 31 मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है. हालांकि सरकार ने राज्य में कर्फ्यू हटाने का फैसला किया है. पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा कि 18 मई को लॉकडाउन-4 के दौरान वो काफी राहत देने जा रहे हैं.

### मजदूरों से मिले राहुल

**NEW DELHI:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को दिल्ली के सुखदेव विहार फ्लाईओवर के पास मजदूरों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं जानी. उन्होंने अपनी पार्टी से दिल्ली में फंसे प्रवासी मजदूरों की सुरक्षित घर वापसी की व्यवस्था करने को कहा है. इसके बाद कई लोगों को कारों से घर भेजा गया.

कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सरकार ने कसी कमर

# लॉकडाउन तोड़ा और मास्क छोड़ा तो भरना होगा जुर्माना

**कोरोना अलर्ट!**

**थूकते पकड़े गए तो 100 से 500 तक जुर्माने का प्रावधान**

**LUCKNOW (16 May):** प्रदेश में कोरोना के संक्रमण को रोकने को सरकार अब और सख्ती करने जा रही है. सरकार ने बीते दिनों इसके लिए महामारी विनियमावली में दूसरी बार संशोधन किया था. शनिवार को उप्र महामारी कोविड-19 (द्वितीय संशोधन) विनियमावली सरकारी गजट में अधिसूचित कर दी गई जिससे यह पूरे प्रदेश में प्रभावी हो गई है.विनियमावली के लागू होने पर अब लॉकडाउन में बाहर निकलने, मास्क न पहनने, सार्वजनिक स्थल पर थूकने और दो पहिया वाहन पर दो व्यक्ति के बैठने पर जुर्माना लगाया जाएगा.

### 1000 तक जुर्माना

- ऐसा व्यक्ति जो कोविड-19 से पीड़ित नहीं है फिर भी लॉकडाउन में बाहर निकलने पर पकड़ा गया तो पहली बार में न्यूनतम 100 से लेकर अधिकतम 500 का जुर्माना.
- दूसरी बार पकड़े जाने पर 500 से लेकर 1000 तक दूसरी बार के बाद प्रत्येक उल्लंघन पर 1000 जुर्माना.
- बिना मास्क, गमछा, रुमाल, दुपट्टा या स्कार्फ से मुंह ढके बाहर निकलने और सार्वजनिक स्थल पर थूकने पर पहली व दूसरी बार 100 रुपये जुमार्ना, तीसरी बार पकड़े जाने और प्रत्येक उल्लंघन पर 500 रुपये जुर्माना.
- अगर दो पहिया वाहन डबल सवारी पर पहली बार 250 रुपये, दूसरी बार 500 रुपये और तीसरी बार पकड़े जाने पर 1000 रुपये तक जुर्माना.
- अगर तीसरी बार के बाद कोई व्यक्ति उल्लंघन करता पकड़ा गया तो उसका लाइसेंस भी रद किया जा सकता है.
- जुर्माना की शक्ति संबंधित न्यायालय या कार्यपालक मजिस्ट्रेट या ऐसे पुलिस अधिकारी, जो चालान करने वाले पुलिस अधिकारी की श्रेणी से ऊपर का हो लेकिन निरीक्षक की श्रेणी से नीचे का न हो,

### टू व्हीलर में विशेष परिस्थितियों में छूट

प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य ने बताया कि दोपहिया वाहन पर पीछे बैठने वाले व्यक्ति को विशेष परिस्थिति में छूट दी गई है. मसलन अगर दूसरा व्यक्ति या महिला जिसे दोपहिया चलाना नहीं आता है, लेकिन ऑफिस या आवश्यक कार्य के लिए उसे जाना पड़ रहा है तो वह पीछे बैठ सकते हैं. इसके लिए उसे किसी कार्यपालक मजिस्ट्रेट से अनुमति लेनी होगी. इसके बाद ही दोपहिया वाहन पर पीछे बैठकर सफर कर सकेंगे. पीछे बैठने वाले के लिए हेलमेट और मास्क लगाना अनिवार्य होगा.

## डिफेंस से लेकर अंतरिक्ष तक सुधारों का ऐलान

**NEW DELHI (16 May):** फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने लगातार चौथे दिन राहत पैकेज का ऐलान किया. उन्होंने कोयला, डिफेंस, एयरस्पेस, बिजली से लेकर स्पेस सेक्टर में सुधारों का ऐलान किया.

### ये रहे खास ऐलान

• अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्राइवेट कंपनियों को मौका दिया जाएगा. इसरो की सुविधाओं का प्रयोग प्राइवेट कंपनियां कर पाएंगी. • केंद्र शासित प्रदेशों में बिजली कंपनियों का प्राइवेटाइजेशन होगा. प्रीपेड बिजली के मीटर लगाए जाएंगे. बिजली सेक्टर में सब्सिडी डीबीटी के जरिए दी जाएगी. • सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 8100 करोड़ रुपए दिए गए. • 6 और एयरपोर्ट्स की नीलामी होगी. कुल 12 एयरपोर्ट में 13 हजार करोड़ का इनवेस्टमेंट आएगा. • सरकार ऐसे हथियार, स्पेयर्स को नोटिफाइ करेगी जिसमें इंपोर्ट को बैन किया जाएगा और उनकी स्वदेशी सप्लाई होगी.

PIC:TUSHAR RAI



**आस**

कोरोना त्रासदी के चलते पूरे देश से श्रमिकों की घर वापसी का सिलसिला जारी है. शनिवार को लखनऊ के हाईवे पर जब संस्थाओं ने श्रमिकों को केले दिए तो मानों जान में जान आई और घर सुरक्षित वापसी की आस भी बंधी. »PG 3

## 'मंजिल' से पहले मिली मौत

**AURAIYA (16 May):** वो घर के लिए निकले थे, लेकिन उनका ये सफर मंजिल (घर) आने से पहले ही हमेशा के लिए खत्म हो गया. कोरोना के चलते देश में जारी लॉकडाउन के कारण घरों को लौट रहे मजदूर आए दिन ऐसे हादसों का शिकार हो रहे हैं. शनिवार को भी एक ऐसे ही भीषण हादसे में 26 मजदूरों ने जान गंवा दी. हादसा यूपी के औरैया में शनिवार सुबह हुआ. दिल्ली-कोलकाता हाईवे पर एक ढाबे के पास चाय पीने को रुके मजदूरों से भरे कंटेनर को चूना लदे डीसीएम ने टक्कर मार दी. टक्कर के बाद कंटेनर और डीसीएम गड्ढे में जा गिरे. हादसे के बाद चूने में दबे शवों को निकाला गया. 22 लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. गंभीर हालत में 15 लोगों को सैफई रेफर किया गया. 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है.

> उत्तर प्रदेश के औरैया में सड़क दुर्घटना बेहद ही दुखद है. सरकार राहत कार्य में तत्परता से जुटी है. इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं. साथ ही घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं.
>
> **नरेंद्र मोदी,** पीएम


गाड़ियों में सवार थे मजदूर »PG 8

राजधानी की सभी सीमाएं सील »PG 3


## कोरोना: देश-दुनिया की स्थिति

| | कुल मौतें | कुल केस | कुल स्वस्थ |
|---|---|---|---|
| वर्ल्ड | 3,10,556 | 46,79,698 | 17,88,480 |
| अमेरिका | 88,930 | 14,93,630 | 3,29,823 |
| स्पेन | 27,563 | 2,76,505 | 1,92,253 |
| फ्रांस | 27,529 | 1,79,506 | 60,448 |
| ब्राजील | 15,046 | 2,22,877 | 84,970 |
| रूस | 2,537 | 2,72,043 | 63,166 |
| इंडिया | 2,790 | 90,326 | 33,560 |

**लखनऊ**: 03 मौतें, 298 केस, 262 स्वस्थ हुए

भारत के प्रमुख राज्य

| राज्य | केस | मौतें |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 30706 | 1068 |
| गुजरात | 10989 | 606 |
| दिल्ली | 9333 | 123 |
| मध्यप्रदेश | 4669 | 239 |
| आंध्र प्रदेश | 2355 | 48 |
| राजस्थान | 4924 | 125 |

*आंकड़े रात 11:00 बजे तक

(स्रोत: वर्ल्डोमीटर्स डॉट इंफो स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)
नोट: कोरोना से प्रभावित लोगों के संदर्भ में आंकड़े उल्लिखित दो स्रोतों के अतिरिक्त जागरण न्यूज नेटवर्क के रूप में अन्य माध्यमों से भी लिए गए है. अत: तालिका तथा समाचार-पत्र के इस अंक में प्रकाशित सामग्री में आंकड़ों का अंतर संभव है.







# मुंबई से लौटे 7 श्रमिकों में कोरोना, गर्भवती भी संक्रमित

**LUCKNOW(16 MAY, INEXT):** राजधानी मं कोरोना के संक्रमण पर लाख कोशिशों क बाद लगाम नहीं लग पा रही है. शनिवार को मुंबई से लौटे मजदूरों समेत 11 लोगों में वायरस की पुष्टि से हड़कंप मच गया. वहीं दूसरी ओर सदर इलाके में भी संक्रमितों के मिलने का सिलसिला जारी है. इसमें केजीएमयू में भर्ती काकोरी निवासी गर्भवती है. उसमें सिजेरियन प्रसव के बाद वायरस की पुष्टि हुई है. वहीं, सात मुंबई से लौटे मजदूर हैं. ये अभी क्वारंटाइन सेंटर में थे. उधर, दो मरीज सदर और एक मरीज ट्रॉमा सेंटर में मिला है.

कोरोना अलर्ट!

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



क्वीन मेरी हॉस्पिटल को सेनेटाइज करते कर्मचारी.

## क्वीन मेरी में मिली पहली कोरोना पॉजिटिव पेशेंट

**LUCKNOW :** केजीएमयू के क्वीन मेरी हॉस्पिटल में डिलीवरी के बाद महिला की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आने से हड़कंप मच गया. तुरंत संक्रमित महिला को लेबर रूम में रखा गया और डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ को एक्टिव क्वारंटाइन कर दिया गया.

**नहीं था कोई लक्षण :** केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. सुधीर सिंह ने बताया कि काकोरी निवासी 24 वर्षीय महिला की 15 मई को डिलीवरी कराने के लिए इमरजेंसी सर्जरी की गई थी. कोविड प्रोटोकॉल के तहत उसका ऑपरेशन किया गया. महिला की हालत गंभीर थी फिर भी मां और बच्चे दोनों की जान बचा ली गई. डिलीवरी से पहले महिला का सैंपल कोरोना जांच के लिए भेजा गया था, जिसकी पॉजिटिव रिपोर्ट शनिवार सुबह आई है. रिपोर्ट आने के बाद मां को बच्चे से अलग कर आइसोलेशन वार्ड में भर्ती किया गया है. क्वीन मेरी की प्रवक्ता डॉ. स्मृति अग्रवाल ने बताया कि महिला के संपर्क में आए डॉक्टरों एवं स्टाफ के साथ ही वार्ड में जो दूसरे मरीज थे. सभी के सैंपल लेकर वार्ड को सील कर दिया गया है.

### 11 में वायरस की पुष्टि, गांवों में बढ़ा संक्रमण का खतरा

**इन गांवों में मची अफरातफरी**

काकोरी की गर्भवती में वायरस की पुष्टि होने पर क्षेत्र में अफरातफरी मच गई है. वहीं, काकोरी के गोपरामऊ निवासी तीन मजदूर, बीकेटी के सोनवा, समेसी के एक-एक मजदूर व नगराम, निगोहां निवासी एक-एक मजदूर में वायरस की पुष्टि हुई है. यह सभी मुंबई से लौटे थे. अब क्वारंटाइन सेंटर से अस्पताल भेज दिया गया है. इसके बावजूद गांवों में दहशत बरकरार है. वहीं की आशा, प्रधान समेत निगरानी समिति अलर्ट हो गई है.

**नौ हजार लोगों का जुटाया ब्योरा**

विरामखंड दो, तीन, चार, पांच में संक्रमण मुक्ति के लिए अभियान चलाया गया. इसमें 20 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है. इस दौरान टीम ने 2538 घरों का भ्रमण किया. इसमें 9017 लोगों का स्वास्थ्य ब्योरा जुटाया. संक्रमित दस मरीजों में से तीन महिलाएं शामिल हैं. इसमें एक काकोरी, दो सदर निवासी हैं. जबकि एक गोंडा निवासी है.

**298 हुए मरीज, 15 डिस्चार्ज**

शुक्रवार को राजधानी में कुल 291 केस हुए थे. इसमें गैर जनपद के भी शामिल रहे. वहीं शनिवार को सीएमओ कार्यालय में रिपोर्ट अपडेट की गई. ऐसे में आंकड़ा में बदलाव बदलाव आया है. ऐसे में 11 नए मरीज आने पर राजधानी में मरीजों की संख्या 298 हो गई है. इसके अलावा सर्विलांस एवं कांटेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर 211 लोगों का सैम्पल लिया गया. इसमें मजदूरों के संपर्क में आए अन्य साथी हैं. वहीं 15 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव आने पर डिस्चार्ज किया गया.

## ट्रॉमा सेंटर में घूमता रहा कोरोना पॉजिटिव, 4 क्वाइंटाइन में

**LUCKNOW :** केजीएमयू ट्रॉमा में दिखाने आये हेड इंजरी पेशेंट के कोरोना पॉजिटिव पाये जाने पर हड़कंप मच गया. मामले की जानकारी मिलते ही इलाज कर रहे डॉक्टर्स के हाथ पांव फूल गये. पेशेंट को आनन फानन में आइसोलेशन में भर्ती कराया गया. इसके बाद 4 लोगों को क्वारंटाइन किया गया. इसके साथ ट्रॉमा की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे. अगर संक्रमण फैला तो ट्रॉमा में भर्ती गंभीर पेशेंट की जान पर बन सकती है.

**सिटी स्कैन व एक्स.रे भी हुआ :** गोंडा निवासी पेशेंट को हेड इंजरी थी. वह 12 मई से मानसिक रोग विभाग में बने ट्रायज एरिया में भर्ती था. उसका दो बार सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया, लेकिन रिपोर्ट नहीं आई. तीसरी बार उसका सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया. वहीं शनिवार को उसके साथ आये तीमारदार ने हंगामा किया तब डॉक्टरों ने आनन फानन में उसके इलाज में तेजी दिखाई, जिसके बाद कोरोना रिपोर्ट आये बिना उसका सिटी स्कैन व एक्स-रे किया गया.

**पहली मंजिल घूमते हुये आया :** इतना ही नहीं कोरोना पॉजिटिव बड़े आराम से अपने तीमारदार के साथ ट्रॉमा में घूमता रहा. वह ट्रॉमा की पहली मंजिल पर चला गया. गनीमत रही कि सर्जरी विभाग में उस समय कोई पेशेंट नहीं था. प्रवक्ता प्रो. सुधीर सिंह ने बताया कि पेशेंट गलती से ट्रॉमा सेंटर के पीछे के रास्ते से अंदर चला आया और सर्जरी विभाग में पहुंच गया.

## हॉटस्पॉट की हर गली पर ड्रोन से नजर

**LUCKNOW(16 May) :** नगर निगम की ओर से हॉटस्पॉट पर नजर रखने के लिए सर्विलांस ड्रोन की मदद ली जा रही है. इन ड्रोन की मदद से हॉटस्पॉट की हर एक गली पर नजर रखी जा रही है. इसके साथ ही अगर कोई व्यक्ति हॉटस्पॉट की गाइडलाइंस को फॉलो नहीं करता है तो इसकी जानकारी भी तत्काल ड्रोन के माध्यम से कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को दी जा रही है. जानकारी के अनुसार, चारों सर्विलांस ड्रोन को चेन्नई से मंगाया गया है. अभी इन सभी का प्रयोग हॉटस्पॉट एरिया में किया जा रहा है. इसके बाद सेनेटाइजेशन वर्क में भी इनका प्रयोग किए जाने की तैयारी है. सर्विलांस ड्रोन से फायदा यह है कि अगर कोई भी कोरोना पेशेंट या क्वारंटाइन किए गए लोग अपनी लोकेशन बदलते हैं या फिर किसी से मिलते हैं तो तत्काल इसकी जानकारी जिम्मेदारों तक पहुंच जाती है, जिसके बाद जिम्मेदार तत्काल एक्शन लेते हैं. वहीं ड्रोन की मदद से यह भी आसानी से जाना जा सकता है कि हॉटस्पॉट एरिया में सेनेटाइजेशन की क्या स्थिति है.

## कोरोना का डबलिंग रेट नेशनल एवरेज से बेहतर



**LUCKNOW (16 MAY, INEXT):** राजधानी में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा ज यादा से ज्यादा स्क्रीनिंग के साथ सैंपलिंग की जा रही है. अभी कोरोना का खतरा बरकार है. बिना वजह और बिना मास्क लगाये घर से बाहर बिल्कुल भी ना निकलें. यह जानकारी एसीएमओ डॉ. केपी त्रिपाठी ने डीजे आईनेक्स्ट से खास बातचीत के दौरान दी. उन्होंने जिला स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं और रणनीति पर प्रकाश डाला.

**सवाल** - कोरोना के नये एरिया में फैलने की वजह क्या है?

**जवाब** - राजधानी में जो नये इंफेक्टेड एरिया निकल कर सामने आये हैं उसकी वजह हॉटस्पॉट एरिया से निकल कर लोगों का यहां जाना है. जो केसेस आ रहे हैं उस हिसाब से स्थिति नियंत्रण में हैं. इस समय हमारे जो 8 हॉटस्पॉट हैं उसमें 1 ही एक्टिव हॉटस्पॉट कैसरबाग एरिया बना हुआ है.

**सवाल** - हॉटस्पॉट के आसपास रहने वाले क्या सर्तकता बरतें?

**जवाब** - जबतक बहुत जरूरी न हो तब तक घर से बाहर बिल्कुल न निकलें. अगर निकलना पड़े तो मास्क लगाकर ही निकलें. सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखें. अधिक भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए.

**सवाल** - राजधानी में मरीजों की संख्या पर क्या कहेंगे?

**जवाब** - मरीजों की संख्या राजधानी में आबादी के हिसाब से बेहद ही कम है. राजधानी का डबलिंग टाइम नेशनल एवरेज से भी ज्यादा है.



# कार्यालय नगर पालिका परिषद रूदौली, अयोध्या

पत्रांक सं.– 80/2020–21/ई–टेण्डर/निर्माण लि. दिनांक: 16.05.2020

## अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त किसी भी सरकारी/अर्धसरकारी तथा अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रूदौली, अयोध्या को शासनादेश सं.–2432/नौ–8–2019–02 केपीए (बजट)/2019 नगर विकास अनुभाग–8 लखनऊ दिनांक 11 अक्टूबर 2019 द्वारा प्राप्त धनराशि से वित्तीय वर्ष 2019–20 में कान्हा गोशाला पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत नगर निकायों में कान्हा गोशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदा वेबसाइड https:/etender.up.nic.in पर दिनांक 19.05.2020 से दिनांक 01.06.2020 को सायं 5.00 बजे तक Online डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक 03.06.2020 को समय 02 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद रूदौली के कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में समाजिक दूरी का पालन करते हुए प्रपत्र डाले जायेगें जो उसी दिन अपराहन 03 बजे नगर पालिका परिषद रूदौली के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष Online खोली जायेगी। निविदा दाताओं से आपेक्षा की जाती है कि निविदा खोलने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तो को भली–भांति अध्ययन कर लें तथा निविदा डालने से पहले कार्य स्थल तथा समस्त जानकारी कर लें। अन्य शर्ते कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (GST सहित) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य (GST18% सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर पालिका परिषद रूदौली द्वारा ग्राम मिर्जापुर में कान्हा गोशाला पशु आश्रय योजना के अन्तर्गत कान्हा गोशाला/पशु शेल्टर होम्स का निर्माण कार्य। | 1,65,89,000.00 | 3,31,800.00 | 19600.00 | 6 माह |

### निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते :-

1. नगर पालिका परिषद रूदौली द्वारा प्रकाशित ई–निविदा में प्रतिभाग किये जाने के सम्बन्ध में नगर विकास अनुभाग–5 के पत्र संख्या–3890/नौ–5–15–149 सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 द्वारा निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु पंजीयन की बाध्यता समाप्त कर दी गई है। ई–निविदा के साथ वैध हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण – पत्र की छाया प्रति लगाया जाना अनिवार्य होगा तथा सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध से पूर्व नगर पालिका परिषद रूदौली के पंजीकृत ठेकेदारों के समान नियम व शर्तो के अन्तर्गत पंजीयन कराया जाना होगा।
2. वेबसाइटर से डाउन लोड किये गये निविदा प्रपत्र पर निविदा प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि के रूप में राष्ट्रीय कृत बैंक के एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रूदौली अयोध्या के नाम बंधक करना अनिवार्य होगा। शेष 8 प्रतिशत जमानत धनराशि निविदा स्वीकृत होने के पश्चात जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा मूल्य के तुल्य धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रूदौली अयोध्या के पक्ष में देय हो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अभाव में निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
3. धरोहर धनराशि अथवा निविदा मूल्य ड्राफ्ट के बिना प्रस्तुत की गई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. अनुबन्ध की समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। अनुबन्ध उपरान्त ठेकेदार द्वारा कार्य स्थल का पंजीयन श्रम विभाग में कराना अनिवार्य होगा। तदोपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही सम्भव हो पायेगी।
5. शासनादेश सं.–24 वीआईपी (1)/नौ–5–2017–120 बजट/2013 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 24 अगस्त 2017 के अनुसार निर्मित सड़क (इण्टरलाकिंग/सी.सी.) का अनुरक्षण 05 वर्ष तक करने का दायित्व सम्बन्धित ठेकेदार/एजेन्सी का होगा। इस हेतु 5 प्रतिशत धरोहर धनराशि अनुरक्षण अवधि तक वंधक रहेगी।
6. मुख्य सचिव उ.प्र. शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 17 जनवरी 2012 में जारी कार्यवृत्ति के अनुसार 15 प्रतिशत से अधिक निम्न दर की निविदाएं स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं एक समान निम्न दरों की प्राप्त निविदाओं के मध्य लाटरी द्वारा परिणाम घोषित किया जायेगा।
7. नियमानुसार प्रफार्मेस धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा।
8. फर्म को एक वर्ष में लगभग 2 करोड़ से अधिक का कार्य कराने का अनुभव होना अनिवार्य है।
9. फर्म को 03 साल का आई.टी.आर. होना आवश्यक है।
10. फर्म को 03 वर्ष की बैलेंस शीट संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. कोई भी निविदादाता का आपराधिक रिकार्ड हो तो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रतिबन्धित होगा।
12. जी.एस.टी. का भुगतान प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग–9 लखनऊ के शासनादेश सं. –84/नौ–06/2018–81 सा–2017 दिनांक 16 फरवरी 2018 में दिये गये निर्देशानुसार किया जायेगा।
13. निविदा प्रपत्र एवं कोई भी जानकारी के लिए सम्बन्धित कार्यालय नगर पालिका परिषद रूदौली से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।
14. विशेष परिस्थितयों में निविदा डालने की तिथि/समय में यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसी सूचना ऑन–लाइन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा करा दी जायेगी। निविदा प्रक्रिया ऑन–लाइन शुरू होने के पश्चात किसी भी लाट के सम्बन्ध समस्त अग्रिम कार्यवाही सिर्फ ऑनलाइन होगी, प्रत्येक निविदा दाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा की प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात ऑनलाइन निविदा के सम्बन्ध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि पत्र की जानकारी प्राप्त करते रहे अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
15. कोई भी निविदादाता जो राज्य सरकार/विभाग द्वारा काली सूची में दर्ज हो एवं राज्य बार काउंसिल में पंजीकृत अधिवक्ता हो वह प्रक्रिया में भाग नही ले सकेगा।
16. प्राप्त निविदा प्रपत्रों का पहले यह निरीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता द्वारा निर्धारित प्रतिभूत धनराशि एवं सभी प्रपत्र निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर सहित ठीक–ठीक उपलब्ध कराये गये है या नहीं इनमें किसी भी प्रकार की कमी या असंतोषजनक होने की स्थिति में निविदादाता की बिड को Unresponsive मानते हुए कोई विचार नहीं किया जायेगा।
17. निविदादाता/बिडर द्वारा निविदा डालते समय प्रक्रिया की पूर्ण जानकरी/ट्रेनिंग अथवा किसी अन्य कारण से शर्तो को पूर्ण न कर पाने/बाधित हो जाने के कारण निविदा न पड़ने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
18. अनुबन्ध गठित होने के पश्चात भी यह तथ्य संज्ञान में आता है कि निविदादाता द्वारा किसी भी स्तर पर नियम व शर्तो का उलंघन किया गया है। तो ऐसे अनुबन्ध को सक्षम अधिकारी द्वारा सकारण आदेश प्रख्यापित कर निरस्त कर दिया जायेगा।
19. वेबसाइड/सिस्टम फेल होने अथवा किसी भी प्रकार के विलम्ब के लिए नगर पालिका परिषद रूदौली अयोध्या उत्तरदायी नही होगा।
20. निविदा के साथ किसी भी विवाद की दशा में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रूदौली अयोध्या का ही निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
21. सशर्त निविदा मान्य होगी।
22. फर्म को आई.एस.ओ. होना अनिवार्य है तथा फर्म का उद्योग विभाग में रजिस्ट्रर्ड हो।
23. अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त कर सकते हैं।

**(रणविजय सिंह)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रूदौली
अयोध्या

**(जब्बार अली)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रूदौली
अयोध्या


# लजीज स्वाद को भी लॉकडाउन ने दी एक हजार करोड़ की चपत

**LUCKNOW(16 MAY, INEXT):** राजधानी के लजीज व्यंजनों का स्वाद देश ही नहीं पूरी दुनिया में मशहूर है.

वॉयस ऑफ इंडस्ट्री

लॉकडाउन के दौरान इस रेस्टोरेंट कारोबार को भी करारी चोट लगी है. इस सेक्टर से हजारों लोगों का घर चलता है. इस फील्ड से जुड़े लोगों के अनुसार लॉकडाउन खुलने के बाद भी उन्हें खुद को सर्वाइव करने में काफी समय लगेगा. लोग कोरोना संक्रमण के डर से रेस्टोरेंट से दूरी बना सकते हैं. वहीं इनकी मांग है कि उनके लोन पर ब्याज में छूट दे और लॉकडाउन के दौरान बिजली के बिल से फिक्स चार्ज को हटा दे ताकि वे फिर से अपने कारोबार को खड़ा कर सकें.

**कारीगरों की रहती है डिमांड**

रेस्टोरेंट ओनर के अनुसार इस इंडस्ट्री में कारीगरों के साथ हेल्पर और वेटर का भी जरूरी हैं. एक दो दशक से लोगों की खाने के प्रति दीवानगी से यह सेक्टर काफी तेजी से आगे बढ़ रहा था. यहां के रेस्टोरेंट्स में नेपाल, बंगाल, महाराष्ट्र आदि के कारीगरों की काफी डिमांड है. यह सेक्टर पूरे साल गुलजार रहता था. राजधानी के बहुत से लोग माह में दो बार तो रेस्टोरेंट आते ही हैं. रेस्टोरेंट के प्रति बच्चों की दीवानगी सर्वाधिक रहती है.

**1000 करोड़ का नुकसान**

रेस्टोरेंट कारोबार को लॉकडाउन के दौरान करीब एक हजार करोड़ का नुकसान हो चुका है. राजधानी में डेली इस सेक्टर में 20 करोड़ की सेल होती थी, जिसमें खाने और मिठाई के आइटम शामिल हैं.

CONCEPT PIC



**04** हजार से अधिक छोटे-बड़े रेस्टोरेंट राजधानी में

**50** के करीब लोग जुड़े हैं इस कारोबार से

**सरकार से उम्मीदें**

- लोन पर लिया जाने वाला ब्याज माफ किया जाए
- बिजली का फिक्स चार्ज लॉकडाउन के दौरान माफ हो
- जीएसटी की दरों को कम किया जाए

**तलाशना पड़ेगा कारीगरों को**



रेस्टोरेंट कारोबार को उबरने में कई माह लग जाएंगे. लोन और बिजली का बिल माफ होने के बाद भी कई ऐसे खर्च हैं, जिन्हें बंद नहीं किया जा सकता है. लॉकडाउन से तो कमर टूट गई है. कई लोग अब दूसरे कारोबार की ओर भी रुख करेंगे. **राहुल खन्ना,** आर्यन



लॉकडाउन खुलेगा तो सबसे पहले हमें कारीगरों को तलाशना होगा. हेल्पर के साथ ही सर्विस देने वालों की भी जरूरत पड़ेगी. पहले जो लोग थे, वे सभी घर लौट गए हैं. अब इस बिजनेस में शुरुआत ही आसान नहीं होगी. **सजल गुप्ता,** मधुरिमा



रेस्टोरेंट खुलने के साथ ही कई नई परेशानियां सामने आ जाएंगी. खर्च एकदम से बढ़ जाएंगे. ग्राहक भी काफी समय तक कोरोना के डर से रेस्टोरेंट से दूरी बनाए रहेंगे. ऐसे में सब कुछ पहले जैसा नहीं रहेगा. **अनूप महरोत्रा,** बेबियन रेस्टोरेंट

## आलमबाग नहीं चारबाग से रवाना किए जाएंगे यात्री

**LUCKNOW:** बाहर से आने वाले मजदूरों को आलमबाग बस अड्डे के बजाय अब चारबाग बस अड्डे से भेजा जाएगा. आलमबाग बस अड्डे को क्वारंटाइन सेंटर बनाया गया है. ऐसे में बाराबंकी और रायबरेली से आने वाली बसों के मजदूरों को वहां नहीं ले जाया जाएगा. इन मजदूरों को चारबाग से ही रवाना किया जाएगा. इसके साथ ही आलमबाग बस अड्डे पर काम करने वाले रोडवेज कर्मचारियों को भी चारबाग में बुलाया गया है.


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अतिरिक्त निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, सुल्तानपुर**

**पत्रांक–1246/एस–4/28**
**दिनांक–14.05.2020**

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

उ0 प्र0 जल निगम की ओर से सुल्तानपुर नगर पालिका परिषद, पुर्नगठन पाइप पेयजल योजना यू0आई0डी0एस0एस0एम0टी0 के अन्तर्गत जोन–1 (ए) शास्त्रीनगर में पूर्व निर्मित उच्च जलाशय क्षमता 2250 किली0/20मी0 स्टेजिंग के मरम्मत कार्यों यथा इनलेट पाइप, आउटलेट पाइप, वाश आउट, आदि पाइपों के रबर पैकिंग बदलने का कार्य, उच्च जलाशय के लीकेज एवं सीपेज मरम्मत के कार्य तडित चालक, वाटर लेवल इन्डीकेटर, एम0एस0 लैडर, फर्श मरम्मत एवं स्लूश वाल्व चैम्बर के मरम्मत इत्यादि के कार्य समस्त सामग्री लेबर एवं यंत्र संयत्र सहित निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु मुहर बन्द निविदाएं **दिनांक 29.05.2020** के **अपरान्ह 03:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। उच्च जलाशय से सम्बन्धित कार्यों में अनुभवी ठेकेदारों द्वारा निविदा प्रपत्र **दिनांक 27.05.2020** से **29.05.2020** को **अपरान्ह 03:00 बजे** तक नकद धनराशि अथवा जमा स्लिप प्रस्तुत करने पर अधिशासी अभियन्ता, अतिरिक्त निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, सुल्तानपुर/अधीक्षण अभियन्ता निर्माण मण्डल, उ0 प्र0 जल निगम, अयोध्या कार्यालय में निर्धारित मूल्य का भुगतान करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा **दिनांक 29.05.2020** को **सांय 04:00 बजे** कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अतिरिक्त निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, सुल्तानपुर में निविदादाताओं/अधिकृत किये गये प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। **1.** कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, निर्माण मण्डल, उ0प्र0 जल निगम, अयोध्या। **2.** कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अति0 निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, सुल्तानपुर। निविदाओं का विस्तृत विवरण जल निगम के वेबसाइट **www. upjn.org** से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से निविदा प्रपत्र क्रय कर प्राप्त किया जा सकता है।





PICS: DAINIK JAGRAN-I NEXT



चिनहट स्थित कमता चौराहे से जब ट्रक में लदे कामगार गुजरे तो सामाजिक संस्थाओं ने उनकी ओर केले के गुच्छे उछाल दिये. इससे कामगारों के चेहरे पर चमक आ गई और उनका सैकड़ों मील के सफर का दर्द कुछ कम हो गया.



दुधमुंहे बच्चे संग हजारों किमी. का सफर करने को मजबूर.



चार दिन पहले गुड़गांव से मुधबनी के लिए निकले थे, शनिवार को पहुंचे लखनऊ.



कमिश्नर मुकेश मेश्राम और सुजीत पांडेय ने अवध डिपो का किया दौरा.



लखनवाइट्स ने कामगारों को फल और पानी देकर की मदद.



हर किसी ने बढ़ाये मदद के लिए हाथ.



चौराहे पर कामगारों के आने का इंतजार करते सामाजिक संस्था के लोग.

# मजबूर हूं, लाचार नहीं

कोरोना अलर्ट!

**LUCKNOW (16 May, inext) :** सैकड़ों किमी पैदल चलने से किसी के पैर में छाले पड़े थे तो किसी के हाथ की रेखाएं पसीने और मिट्टी की परत में ढंक गई थीं. जहां कभी उनकी आंखों में रोजगार मिलने की खुशी झलकती थी, वहीं अब यह खुशी थकान और निराशा के भावों के रूप में बिखरती नजर आ रही थी. हर किसी के चेहरे पर उदासी और घर पहुंचने की बेकरारी है. शायद ही कोई ऐसा हो, जिसके पास जमापूंजी बची हो, लेकिन सबके मन में अपनी मंजिल तक पहुंचने की उम्मीद कायम है. हालांकि मन में यह आशंका भी थी कि पथरीली राह और चिलचिलाती धूप के बीच क्या वह सुरक्षित अपनों के बीच पहुंच पाएंगे. दैनिक जागरण आई नेक्स्ट टीम ने अलग-अलग हाईवे पर जाकर ऐसे ही लोगों का दर्द समझा. जो तस्वीर सामने आइए उसे बयां करने में शायद शब्द भी कम पड़ जाएंगे.



## फैजाबाद रोड

### दिल्ली से निकले बाइक से



हम सभी जौनपुर के रहने वाले हैंण् हम दिल्ली में कंप्यूटर डिजाइनिंग, होर्डिंग और फ्लैक्स का काम करते थे. लॉकडाउन के चलते हमारा कारोबार ठप हो गया. कई दिनों तक किसी तरह खर्च चलता रहा, लेकिन आखिर में न तो पैसा था न ही काम. जिसके बाद घर लौटने का निर्णय लिया. एक ही बाइक पर सवार होकर हम तीनों लोग घर के लिए चल दिए. हम गुरुवार शाम दिल्ली से चले थे. रास्ते मे हमें किसी ने नहीं रोका और लखनऊ पहुंच गए. हमारी रास्ते में आम लोगों ने खूब मदद की खाना पानी भी दिया. अब हम जौनपुर लौटना चाहते हैं. हमारे पास न तो दो वक्त की रोटी है न ही पैसे. हमारी तत्काल मदद की जाए. **अजीत, विपुल** और **सुजीत**

### अब तो टूट गई है आस



हम 17 मार्च को ही अपने गांव से लुधियाना काम करने के लिए गए थे. इसी दौरान लॉकडाउन हो गया और कारोबार ठप हो गया. हमारी जमा पूंजी भी धीरे-धीरे पैसे भी खत्म हो गई. लॉकडाउन होने के कारण हमें कहीं काम नहीं मिला न ही दो वक्त की रोटी नसीब हुई. हमारे पास इतने भी पैसे नहीं थे कि घर वापस जा सकें. हालातों से समझौता करके हम पैदल ही लुधियाना से घर जाने के लिए निकले और चार दिन बाद लखनऊ पहुंचे.अब समझ नहीं आ रहा है कि आगे का सफर कैसे तय किया जाए. हम पूरी तरह से टूट चुके हैं. हमारी मदद की जाए. **सुनील** और **जितेंद्र**

### भूख थी लेकिन भीड़ ने हिम्मत तोड़ी



मैं गोंडा का रहने वाला हूं और नैनीताल में कारपेंटर का काम करता था. गुरुवार शाम नैनीताल से पैदल चला और मुरादाबाद आया. यहां से एक गाड़ी में लिफ्ट लेकर हरदोई पहुंचा. हरदोई से फिर पैदल शनिवार दोपहर लखनऊ पहुंचा. रास्ते में कई लोगों ने मुझे खाना-पानी देने का प्रयास किया, लेकिन अधिक भीड़ होने के कारण मैं खाना-पानी लेने की हिम्मत नहीं जुटा सका. अब स्थिति यह है कि मेरे पास एक रुपया भी नहीं है. **अनिल यादव**

**अब कमाने बाहर नहीं जाऊंगा-** बिहार के में रहता हूं. पहली बार लुधियाना कमाने को गया था. घर से बाहर निकलते ही एक के बाद एक मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा. दोबारा अब कभी बाहर कमाने नहीं जाऊंगा. **सुनील, जितेंद्र**

## शहीद पथ

### पुलिस कहती है, हमसे दूर रहो

हम 12 लोग हरियाणा से आ रहे हैं. हम सभी लोगों को प्रयागराज जाना है. किसी तरह वहां से बस से यहां तक आये हैं, लेकिन अब हम लोगों को रास्ते में छोड़ दिया गया है. पुलिस वाले भी कोई मदद नहीं कर रहे हैं. डांटकर कहते हैं कि दूर रहो, नहीं तो हम लोगों को भी संक्रमण हो जायेगा. आगे जाने के लिए पूछो तो कहते है शहीद पथ के आगे चले जाओ वहां से बस मिल जायेगी, लेकिन वहां तक पहुंचाने में कोई मदद नहीं कर रहा है. हमारे साथ महिलाएं भी है ऐसे में आने-जाने में दिक्कत भी बहुत हो रही है. गर्मी बहुत है लेकिन पैदल चलने को मजबूर हैं, कुछ लोगों ने खाना-पानी भी दिया है इसलिए थोड़ी राहत मिली है.अब आगे कैसे जाएं समझ नहीं आ रहा है. **छोटू,** प्रयागराज

### ट्रक में बैठकर आये

दिल्ली में हम तीनों लोग मजदूरी का काम करते हैं. सबकुछ बंद होने से कोई काम और पैसा नहीं है. किसी तरह ट्रक से होकर लखनऊ तक पहुंचे हैं. हम लोगों को आगे बलिया तक जाना है. कोई सरकारी बस या अन्य व्यवस्था के बारे में हम लोगों को कोई जानकारी नहीं है. रास्ते में स्थानीय लोग काफी सहयोग कर रहे हैं. खाना पानी समेत कई इंतजाम कर रहे हैं. ऐसे में थोड़ी राहत तो मिल ही गई है. गर्मी भी बहुत है, लेकिन घर जाना मजबूरी है क्योंकि दूसरा कोई रास्ता नहीं है. हमारी तरह बहुत लोग फंसे हुये हैं, लेकिन उनके जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है. हम गरीब लोग आखिर कहां जायें और क्या करें. **हरि नारायण,** बलिया





## हरदोई रोड

### कई दिन रहे भूखे



मैं मलिहाबाद का रहने वाला हूं और पुणे में फर्नीचर की दुकान पर काम करता था. करीब 20 दिन हो गए पुणे से घर के लिए निकले हुए. 20 दिन के सफर में कई दिन भूखे रहे. कभी रोड के किनारे केले मिल जाते तो उससे काम चला लेते. रात शहर के आउटर इलाकों में ट्रक पर या जमीन पर कटती. जेब में जो पैसा था, उसे ट्रक ड्राइवर ने किराये के रूप में वसूल लिया. कैसे यहां तक पहुंचा हूं यह मैं ही जानता हूं. कई बार तो ट्रक ड्राइवर ने रास्ते में हमसे बोरे चढ़वाए. सफर के दौरान सिर्फ पांच दिन खाना मिला. **नितिन,** मलिहाबाद

### खाने के लिए जोड़ने पड़े हाथ



मुंबई से भरवारा स्थित घर पहुंचने के लिए निकले हैं. रास्ते में कई बार लोगों से खाने के लिए मिन्नतें करनी पड़ी, जबकि हम तीन लोग निकले थे तो राशन लेकर निकले थे कि रास्ते में बनाते और खाते चलेंगे, लेकिन तीसरे दिन ही राशन खत्म हो गया. हम लोग एक लॉरी में बैठकर यहां तक आए हैं. हम लोगों से किराये के नाम पर तीन तीन हजार रुपए लिए गए. सफर के दौरान दो दिन तो हमने सिर्फपानी पीकर गुजारा.17 दिन के सफर के बाद हम लोग लखनऊ पहुंचे. ट्रक वाले ने हमें मोहान रोड के पास छोड़ा. **याकूब,** भरवारा

## कानपुर रोड



### कर्ज लेकर बाइक खरीदी और निकल पड़े घर को

मजबूरी जो न कराये वो कम है. दो महीने तक लॉकडाउन खुलने का इंतजार किया. इस दौरान जमापूंजी को मकान के किराये और खाने-पीने में खर्च कर दिया. मकान मालिक फिर से किराये का दबाव बनाने लगा. आखिरकार, कर्ज लेकर एक सेकंड हैंड बाइक खरीदी और बेटे के साथ उस पर सवार होकर दिल्ली से पूर्णिया बिहार जाने के लिए चल पड़े. बीते दो साल से दिल्ली के तिलक नगर स्थित हरिजन कॉलोनी में किराये का कमरा लेकर रह रहे थे. मार्च में बेटे पुनीत, भांजे विनेश को भी दिल्ली बुला लिया था. पुनीत और विमेश पेंटिंग का काम करते थे. लॉकडाउन लागू हुआ तो उनके पास कुल मिलाकर 6 हजार रुपये थे. चार हजार रुपये तो मकान मालिक ने दो महीने के किराये के ले लिये और बाकी बचे दो हजार रुपये राशन खरीदने में खर्च हो गए. जब घर का राशन खत्म हुआ तो दिल्ली सरकार द्वारा बांटा जा रहा पका भोजन लेना शुरू किया, लेकिन उसकी क्वालिटी बेहद खराब थी. इधर, मकान मालिक ने फिर किराये के लिये दबाव बनाना शुरू कर दिया. लिहाजा, उन्होंने वापस लौटने में ही भलाई समझी. **उमेश, पूर्णिया,** बिहार

### रुपये खत्म हुए तो प्रयागराज से चले पैदल



लॉकडाउन में मुसीबतों का जो पहाड़ टूटा उसने मेरे हौंसले को चकनाचूर कर दिया. मैं नागपुर में टाइल लगाने का काम करता था. घर में पत्नी, बुजुर्ग माता-पिता और दो बच्चे हैं. लॉकडाउन लागू हुआ तो वापस लौटने का इरादा नहीं था, लेकिन जब दो महीने होने को आए और लॉकडाउन जारी रहा तो स्थितियां कठिन होती गईं. मकान मालिक हर महीने किराया वसूलता. महाराष्ट्र सरकार की ओर से राशन या कोई अन्य मदद नहीं मिली. बीते मंगलवार को ट्रक पर सवार हो गए. उसने प्रयागराज तक पहुंचाने के एवज में 3000 रुपये वसूले. गुरुवार को प्रयागराज पहुंचने पर जेब में एक भी रुपया नहीं बचा था. पैदल ही घर को चल पड़े. दिन-रात चलने पर शनिवार दोपहर लखनऊ पहुंचे. **रामखेलावन,** अंबलीपुर गांव, फतेहपुर

## दैनिक जागरण inext मैं भी स्मार्ट REPORTER

Report-Click-Shoot-Share





समीर

**यह** तस्वीर है इंदिरा नगर के डी ब्लॉक एरिया की, जहां सफाई अभियान के दौरान नालियों से सिल्ट निकाल कर रख दी गई है. कड़ी धूप के चलते सिल्ट पूरी तरह सूख गई है और हवा के चलते दोबारा नालियों में जमा हो रही है. यह सिल्ट हवा के साथ लोगों के घरों में भी जा रही है. स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग में इसकी शिकायत की है लेकिन अभी तक इसे यहां से हटाया नहीं गया है.

इनके अलावा केतन, सचिन ने भी आई नेक्स्ट से वीडियो और फोटोज शेयर किए.

अपनी खबर, फोटो या वीडियो शेयर करें
हमें व्हाट्सएप करें 7275932460
हमें ट्वीट करें inextlucknow
हमें ईमेल करें- lucknow@inext.co.in
हमें फेसबुक पर भेजें- facebook.com/lucknowcalling

# शहर की सभी सीमाएं सील, पीएसी तैनात

### शासन के निर्देश के बाद पुलिस आयुक्त ने लिया निर्णय

**LUCKNOW (16 May):** राजधानी की सभी सीमाएं शनिवार रात सील कर दी गई. पुलिस आयुक्त सुजीत पांडेय के मुताबिक श्रमिकों की सुरक्षा और उन्हें सकुशल घर पहुचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है. सीमा पर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पीएसी तैनात की गई है. लॉकडाउन का पालन कराने के लिए पुलिस आयुक्त ने हर सीमा पर दो प्रभारी निरीक्षक, आठ दारोगा, 30 सिपाही और एक प्लाटून पीएसी बल तैनात किया है. पुलिस आयुक्त ने बताया कि शनिवार को राजधानी पहुचे श्रमिकों को सुरक्षा के मद्देनजर शकुंतला मिश्र विवि ले जाया गया और वहां से उन्हें उनके गंतव्य स्थान रवाना किया गया.

### होगी साधन की व्यवस्था

संडे से राजधानी की सीमा पर आने वाले लोगों को अलग अलग स्थानों पर एकत्र किया जाएगा, फिर उनके लिए साधन की व्यवस्था की जाएगी, जिससे सभी अपने घर पहुंच सके. इस बाबत पुलिस आयुक्त ने मातहतों को दिशा निर्देश जारी किए हैं. सभी एसीपी को उनके क्षेत्र में पड़ने वाली सीमाओं पर निगरानी रखने और श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है.

### पैदल, दोपहिया या ट्रक से सूबे में नो एंट्री

प्रदेश में किसी भी प्रवासी श्रमिक-कामगार के पैदल, दोपहिया वाहन या ट्रक आदि से प्रवेश पर रोक लगा दी गई है. मुख्य सचिव ने इस संबंध में आदेश जारी कर कहा है कि निगरानी के लिए थाना स्तर पर विशेष टीम बनाई जाए. पैदल या गलत तरीके से अन्य वाहनों से घरों को रवाना हुए श्रमिक-कामगारों के साथ अब तक कई हादसे हो चुके हैं. इसे देखते हुए मुख्य सचिव आरके तिवारी ने सभी जिलों में पुलिस-प्रशासन के लिए आदेश जारी कर दिए. उन्होंने कहा है कि अन्य प्रदेशों से उत्तरप्रदेश की सीमा में पैदल, दोपहिया वाहन और ट्रक के माध्यम से किसी भी प्रवासी व्यक्ति को प्रवेश न करने दिया जाए. जो पैदल व्यक्ति किसी प्रकार से जिले में आ जाते हैं तो उन्हें वहीं रोककर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही करें. किसी भी प्रवासी को सड़क या

### डीएम करें बसों की व्यवस्था, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : योगी

**LUCKNOW:** श्रमिक-कामगारों के साथ औरैया में हुए दर्दनाक हादसे के बाद सीएम योगी ने फिर अफसरों को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाई है. यहां टीम-11 के अधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा कर उन्होंने कहा कि हर जिले में बॉर्डर पर दो सौ बसें रखकर डीएम के निर्देशन में चलाने के आदेश पहले से हैं. धनराशि भी स्वीकृत है. जिलाधिकारी तय करें कि कोई भी पैदल, अवैध या असुरक्षित वाहनों से यात्रा न करे. ऐसा कहीं पाया गया तो लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी. मुख्यमंत्री ने शनिवार को अपील की कि प्रवासी कामगार-श्रमिक स्वयं और अपने परिवार को जोखिम में डालकर पैदल या अवैध व असुरक्षित वाहन से घर के लिए यात्रा न करें. प्रदेश सरकार सभी की सुरक्षित व सम्मानजनक वापसी के लिए युद्ध स्तर पर व्यवस्था करा रही है.



# 19 से नौ केंद्रों पर चेक होंगी कॉपियां

**LUCKNOW (16 May):** अब 19 मई से राजधानी के नौ केंद्रों पर 10वीं और 12वीं की यूपी बोर्ड परीक्षा 2019-20 की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच शुरू होगी. शासन के आदेश पर कोरोना परीक्षकों की सुरक्षा को देखते हुए पांच और केंद्र बढ़ाए गए हैं. पहले चार मूल्यांकन केंद्र ही बनाए गए थे.

### नियमों का होगा कड़ाई से पालन

डीआइओएस डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि केंद्रों पर शारीरिक दूरी का ध्यान रखते हुए परीक्षकों को बैठाया जाएगा. केंद्रों पर परीक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के दृष्टिगत सारी व्यवस्थाएं की जा रही हैं. इसके साथ ही सैनिटाइजेशन, फॉगिंग कराने के साथ ही बाथरूम और कक्षों की सफाई हो रही है. बाथरूम में सैनिटाइजर, डिटॉल और साबुन आदि की व्यवस्था की जा रही है. वहीं, सभी परीक्षक मॉस्क लगाकर और ग्लब्स पहनकर मूल्यांकन का कार्य करेंगे. शासन ने आदेश में साफ कहा गया है कि हॉट स्पॉट एरिया में कोई भी मूल्यांकन केंद्र बनेगा और न ही हॉट स्पॉट में रहने वाले किसी शिक्षक की मूल्यांकन केंद्र पर ड्यूटी लगाई जाएगी.




BABU SUNDER SINGH COLLEGE OF PHARMACY
(Approved by PCI and Affiliated to AKTU & BTE, Lucknow)
BSSCOP
Faculty Required
Principal, Professor, Associate Professor, Assistant Professor, Librarian, Lab Technician & Office Staff
(FOR B. PHARMA & D. PHARMA)
QUALIFICATIONS AND EXPERIENCE AS PER PCI NORMS
Interested candidates may send their resume with copy of certificate, experience letter to email copbss@gmail.com (Aadhar Card Number, PAN card number, Salary expected, Approx time to join must be mention in resume)
CONTACT NO. 9839370287, 7607003755
NH-24B Raebareli Road, Nigohan, Sherpur Lawal- Lucknow (UP) 226302

# जकात यानी गरीबों की जरूरतों को पूरा करना

माह-ए-मुबारक

LUCKNOW(16 MAY, INEXT):
इस्लाम के पांच आधार में एक जकात है. रमजान में जकात देने का ज्यादा सवाब है क्योंकि रमजान तमाम महीनों का सरदार है. इस माह जो भी इबादत की जाती है उसका सवाब 70 गुना बढ़ जाता है. जो शख्स अमीर यानि साहब-ए-निसाब है, होकर जकात से जी चुराता है वो अल्लाह की नाराजगी हासिल करता है. इसलिए हर हैसियतमंद इंसान को जकात देना चाहिए. यह बात इदारा ए शरइया फिरंगी महल के अध्यक्ष मुफ्ती इरफान मियां फिरंगी महली ने बताई.

कुरान में 32 जगहों पर आया जिक्र, हेल्पलाइन पर रोजेदार कर रहे सवाल

लोग कर रहे कोरोना संक्रमण से मिलकर लड़ने की अपील

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT



"कोरोना से सबकी जिंदगी में बेहद बदलाव आया है. गरीबों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है. ऐसे में इस पाक महीने में गरीबों की मदद करनी चाहिए, जिसका सवाब भी ज्यादा मिलेगा. यह जंग हम सबको मिलकर लड़नी है. शाहिद अली

### हेल्पलाइन नंबर

**सुन्नी हेल्पलाइन**

**समय** - दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक

**मोबाइल नंबर**- 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677

**वेबसाइट**- www.farangimahal.in

**ई-मेल** ramzanhelpline2005@gmail.com

**शिया हेल्पलाइन नंबर**

**समय**- सुबह 10 से 12 बजे तक

**मोबाइल नंबर**- 9415580936 9839097407

**महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर**- 6386897124

**ईमेल**- masael786@gmail-com

### शिया हेल्पलाइन

**सवाल**- क्या जकात अन्य धर्म के व्यक्ति को दी जा सकती है.

**जवाब**- जकात अन्य धर्म के व्यक्ति को उस समय दी जा सकती है कि जब वह इस्लाम धर्म की तरफ आने वाला हो.

**सवाल**- क्या फितरा हर एक व्यक्ति पर अनिवार्य है.

**जवाब**- फितरा उस व्यक्ति पर अनिवार्य होता है जो अपना और अपने परिवार के सभी सदस्य के पूरे वर्ष का खर्च रखता हो.

**सवाल**- अगर कोई यात्री ऐतिकाफ करना चाहे तो क्या वह कर सकता है.

**जवाब**- यात्री ऐतिकाफ नहीं कर सकता है क्योंकि ऐतिकाफ में रोजा शर्त है. वह यात्रा मे रोजा नहीं रख सकता.

**सवाल**- क्या ऐतिकाफ केवल मस्जिद में ही सही होगा.

**जवाब**- मस्जिद से बाहर निकल जाने पर ऐतिकाफ टूट जाएगा.

**सवाल**- एतेकाफ में क्या क्या अनिवार्य है.

**जवाब**- एतेकाफ में रहने के लिए ईमान होना, अकलमंद होना, नियत, रोजा रखना, तीन रोजे से कम ना हो अनिवार्य है.

### सुन्नी हेल्पलाइन

**सवाल**- क्या औरतें भी ऐतिकाफ कर सकती हैं.

**जवाब**- औरतों को अपने घर की मस्जिद में ऐतिकाफ करना चाहिए. अगर घर में कोई जगह नमाज के लिए खास न हो तो फिर ऐतिकाफ के लिए किसी जगह को घर में खास कर लें.

**सवाल**- ईद या किसी त्यौहार पर अपने नौकरों को जकात की नियत से रकम देने से क्या जकात अदा हो जाएगी.

**जवाब**- अगर हकदार हैं तो देते वक्त नियत कर लेने से अदा हो जाएगी.

**सवाल**- अगर बेवा औरत किसी दूसरे शौहर से निकाह कर ले तो किया पहले शौहर के माल से उसको हिस्सा मिलेगा.

**जवाब**- जी हां, मुसलमानों में आमतौर पर रिवाज है कि बेवा औरत अगर निकाह न करे तो उसको हिस्सा देते हैं और अगर वह निकाह कर ले तो फिर उसको शौहर के तर्के से महरूम कर देते हैं, ऐसा करना सख्त गुनाह है.

**सवाल**- हम ने अगर जकात की रकम को जकात की नियत से ईदी और इंआम के नाम से भाई भावज को और बच्चों को दे दिया तो क्या जकात अदा हो जाएगी.

**जवाब**- जी हां, अदा हो जाएगी.

**सवाल**- जकात की रकम किसे देना ज्यादा बेहतर है.

**जवाब**- रिश्तेदार जो ज्यादा हकदार हों उन्हें देने से दो सवाब मिलते हैं. एक जकात अदा करने का और दूसरा सिला रहमी का.

# बिना मास्क के नहीं मिलेगी मेट्रो में एंट्री, गार्ड रखेंगे नजर

कदम-कदम पर मिलेगा सोशल डिस्टेंसिंग का संदेश

lucknow@inext.co.in
**LUCKNOW (16 May):** पैसेंजर्स को बेहतर सफर देने के साथ ही कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए मेट्रो और मेट्रो स्टेशनों पर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं. वहां जगह-जगह सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए बोर्ड लगाए गए हैं. साथ ही उन लोगों को मेट्रो स्टेशनों के बाहर ही रोक दिया जाएगा जिनमें कोरोना संक्रमण होने की आशंका होगी.

### बिना मास्क नहीं मिलेगी एंट्री

बिना मास्क के किसी को भी मेट्रो स्टेशन में एंट्री नहीं दी जाएगी. सबकी पहले सबकी थर्मल स्क्रीनिंग की जाएगी और हाथ सेनेटाइज कराए जाएंगे. स्टेशन के अंदर जमीन पर एक-एक मीटर की दूरी पर पंजों के निशान बनाए गए हैं. लोगों को इसी पर चलना होगा. लिफ्ट में भी एक साथ कई व्यक्तियों को चढ़ने की छूट नहीं होगी. गार्ड लोगों पर नजर रखेंगे.



### यह की गई हैं व्यवस्थाएं

- जमीन पर थोड़ी थोड़ी दूरी पर पैरों के निशान बनाए गए हैं
- जगह-जगह ना थूकने की अपील वाले बोर्ड भी लगाए गए
- सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखने के लिए भी लगाए गए बोर्ड
- मास्क पहनने वालों को ही स्टेशन और मेट्रो में मिलेगी एंट्री



"मेट्रो के संचालन के लिए गाइडलाइन का इंतजार है. सफर के दौरान पैसेंजर्स को जहां सोशल डिस्टेंसिंग का सबक हर कदम पर दिखेगा. गार्ड लोगों पर नजर रखेंगे. कुमार केशव, एमडी, यूपीएमआरसी

## JOB JUNCTION

### 136 पद, यूसीआईएल

**Post:** एप्रेंटिस **Age:** 35 साल मैक्सिमम
**Educational qualification:** कंडीडेट्स इंटर पास हों. साथ ही उनके पास रेलिवेंट डिसिप्लिन में बीएससी की डिग्री/डिप्लोमा होना चाहिए. डिटेल्स के लिए नोटिफिकेशन जरूर चेक करें.
**Selection process:** कंडीडेट्स का सिलेक्शन कंप्यूटर बेस्ड ऑनलाइन टेस्ट के बेसिस पर होगा.
**Last date to apply:** 22-06-2020
**For details:** www.uraniumcorp.in

### 38 पद, सेंट्रल रेलवे

**Post:** मेडिकल प्रैक्टिशनर, स्पेशलिस्ट
**Age:** 53 साल मैक्सिमम**Educational qualification:** कंडीडेट्स के पास रेलिवेंट डिसिप्लिन में एमबीबीएस/मेडिकल में पीजी डिग्री/डिप्लोमा होना चाहिए. डिटेल्स के लिए नोटिफिकेशन जरूर चेक करें.**Selection process:** कंडीडेट्स का सिलेक्शन इंटरव्यू के बेसिस पर होगा.**Last date to apply:** 20-05-2020
**For details:** https://cr.indianrailways.gov.in

### 20 पद, बीपीएससी

**Post:** मिनरल डेवलपमेंट ऑफिसर
**Age:** 21-37 साल मैक्सिमम **Educational qualification:** कंडीडेट्स के पास रेलिवेंट डिसिप्लिन में एमएससी/एमटेक की डिग्री होनी चाहिए. डिटेल्स के लिए नोटिफिकेशन जरूर चेक करें.
**Selection process:** कंडीडेट्स का सिलेक्शन रिटेन टेस्ट व इंटरव्यू के बेसिस पर होगा.
**Last date to apply:** 18-05-2020
**For details:** http://www.bpsc.bih.nic.in

### 13 पद, पीसीएमसी

**Post:** मेडिकल ऑफिसर **Age:** 37 साल मैक्सिमम
**Educational qualification:** कंडीडेट्स के पास रेलिवेंट डिसिप्लिन में एमबीबीएस/मेडिकल में डिग्री/डिप्लोमा होना चाहिए. डिटेल्स के लिए नोटिफिकेशन जरूर चेक करें.
**Selection process:** कंडीडेट्स का सिलेक्शन इंटरव्यू के बेसिस पर होगा.
**Last date to apply:** 20-05-2020
**For details:** https://www.pcmcindia.gov.in

# ऑनलाइन पेमेंट कर दें तो बन जाएगी बात

lucknow@inext.co.in
**LUCKNOW(16 May):** कोरोना के इस संक्रमण काल में भी कर्मयोगी लगातार कड़ी मेहनत कर घर-घर समाचार पत्र पहुंचा रहे हैं. इतना ही नहीं, उनकी ओर से बकायदा सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन किया जा रहा है, जिससे समाचार पत्र सुरक्षित तरीके से पाठकों तक पहुंच रहा है. कर्मयोगी बस यही चाहते हैं कि पाठकों की ओर से ऑनलाइन पेमेंट किया जाए, जिससे सोशल डिस्टेंसिंग को मेनटेन रखा जा सके. कर्मयोगियों की अपील है कि पाठक बिना किसी डर के समाचार पत्र मंगाएं क्योंकि समाचार पत्र से कोरोना नहीं फैलता है बल्कि पाठक खुद को देश-दुनिया की जानकारी से अपडेट रख सकता है.

**कर्म योगी कड़ी मेहनत कर घर. घर पहुंचा रहे अखबार**

### संक्रमण का खतरा कम हो जाएगा



बहुत कम लोग ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से पेमेंट करते हैं. कोरोना को देखते हुए ऑनलाइन पेमेंट किया जाना बहुत जरूरी है, जिससे हम सभी के कोरोना वायरस से संक्रमित होने का खतरा काफी कम हो जाएगा. संतोष विश्वकर्मा, अलीगंज

### अखबार से वायरस नहीं फैलता



जिन पाठकों ने पेपर मंगाना बंद किया था. वो भी समाचार पत्र मंगाने लगे हैं. वो समझ गए हैं कि इससे कोरोना नहीं होता है. ऐसे में ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा सभी के लिए शानदार है. हर किसी को ऑनलाइन पेमेंट की ओर ध्यान देना चाहिए. लालता प्रसाद मौर्या, जानकीपुरम

# तीन हजार आवंटियों का इंतजार और बढ़ा

**LUCKNOW(16 May):** एलडीए के तीन हजार आवंटी आशियाने का इंतजार कर रहे हैं. फिलहाल निर्माणाधीन साइटों पर काम शुरू हो पाने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है. लॉकडाउन से पहले उनको मकान मिलने की उम्मीद जगी थी, मगर अब बचे हुए निर्माण पूरा होने को लेकर एलडीए कोई वादा करने को तैयार नहीं है. केवल देवपुर पारा में एलएंडटी के निर्माण को छोड़कर बाकी किसी भी ठेकेदार को कब काम करने की इजाजत मिलेगी, इसको लेकर कोई कुछ कहने को तैयार नहीं है. ऐसे करीब तीन हजार आवंटी हैं.

### अब नहीं दिख रहा संभव

प्राधिकरण में कुर्सी रोड का संस्कृति अपार्टमेंट में करीब 300 फ्लैट, बसंतकुंज योजना के 1500 प्लॉट, पारिजात और पंचशील अपार्टमेंट के करीब 800 फ्लैट निर्माणाधीन हैं. सभी अपने निर्धारित समय में बनाए जा सके हैं. लॉकडाउन न होता तो उम्मीद की जा रही थी कि इन सभी के लगभग तीन हजार आवंटियों को जल्द ही कब्जा मिल जाएगा. दूसरी ओर अब ऐसा बिल्कुल भी संभव नहीं है. प्राधिकरण के मुख्य अभियंता इंदुशेखर सिंह ने बताया कि फिलहाल केवल एलएंडटी देवपुर पारा में ही निर्माण शुरू कर पाने की स्थिति में है. बाकी साइट पर अप्रवासी मजदूर काम करते हैं, इसलिए उनका आ पाना संभव नहीं होगा. इसलिए प्राधिकरण अभी बाकी जगह काम नहीं शुरू कर सकता है.

# लॉकडाउन में घर पर निखार रहे अपना टैलेंट

टैलेंट अनलॉक्ड

lucknow@inext.co.in
**LUCKNOW (16 May):** अगर आपको पेंटिंग बनाने और कविताएं लिखने का शौक है तो हम आपकी इस प्रतिभा को राजधानी के लोगों के सामने लाएंगे. इसके लिए बस आप हमें अपने नाम और क्लास के साथ कविता और पेंटिंग मोबाइल नंबर 7275932460 पर वाट्सएप कर दें. हम उसे आपके प्रिय अखबार दैनिक जागरण आईनेक्स्ट में प्रकाशित करेंगे. इस तरह आपकी प्रतिभा लखनवाइट्स को भी देखने को मिलेगी.




**नाम**- समृद्धि चौरसिया
**क्लास**- 4



**नाम**- तनिष कश्यप
**क्लास**- 7



**नाम**- विहान शर्मा
**क्लास**- केजी



**नाम**- वान्या रस्तोगी
**क्लास**- 3



**नाम**- चंद्रबाला दुबे




**नाम**- निकिता मीरपुरी




**नाम**- सौम्या नजीर





**नाम**- अंकित शर्मा






**नाम**- अमूल्या सिंह
**क्लास**- 5






**नाम**- राघवेंद्र
**क्लास**- 8





**नाम**- प्रगति
**क्लास**- 12

# तीन माह में गुम होगा शिवरी प्लांट का कूड़ा

**LUCKNOW(16 MAY, INEXT):**
i SPECIAL
लॉकडाउन का एक पॉजिटिव इंपैक्ट भी देखने को मिला है. यह इंपैक्ट जुड़ा हुआ है शिवरी प्लांट में लंबे समय से लगे कूड़े के पहाड़ से, पहले जहां नियमित रूप से उक्त कूड़े का निस्तारण नहीं किया जाता था. वहीं अब शहर से कलेक्ट होने वाले कूड़े का लोड कम होने के कारण प्लांट में पहले से लगे कूड़े के ढेरों का निस्तारण तेजी से किया जा रहा है. अभी तक करीब 10 हजार मीट्रिक टन कूड़े के ढेरों का निस्तारण किया जा चुका है. वहीं ईकोग्रीन कंपनी के अधिकारियों की माने तो अगर यही स्थिति रही तो अगले तीन माह के अंदर प्लांट में लगे कूड़े के पहाड़ को समाप्त कर दिया जाएगा.

### हर दिन जा रहा 1100 टन

पहले जहां रोजाना शहर से 1500 से 1600 मीट्रिक टन कूड़ा शिवरी प्लांट पहुंचाया जाता था. वहीं लॉकडाउन के दौरान यह आंकड़ा 1 हजार से 1100 मीट्रिक टन के आसपास रह गया है, जिसकी वजह से पहले से लगे कूड़े के ढेरों के निस्तारण पर फोकस किया गया है.

### 2.40 लाख घरों से उठ रहा कूड़ा

वर्तमान समय में ईकोग्रीन कंपनी की ओर से करीब 2.40 लाख घरों से कूड़ा कलेक्ट किया जा रहा है. वहीं शेष करीब तीन लाख घरों से भी कूड़ा कलेक्ट करने के लिए प्लानिंग बनाई जा रही है. संभावना है कि दो माह के अंदर शत प्रतिशत घरों से कूड़ा कलेक्ट किया जाने लगेगा

CONCEPT PIC



### फैक्ट मीटर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 720 छोटी गाड़ियों से कूड़ा हो रहा कलेक्ट | 80 फीसदी किचन वेस्ट ही जा रहा प्लांट | 01 लाख 25 हजार मीट्रिक टन कूड़े का ढेर प्लांट में | 1300 कर्मचारी कूड़ा कलेक्शन कार्य में लग |
| 70 से 80 बड़ी गाड़ियों से हो रहा कूड़े का परिवहन | 04 मशीनें कूड़ा प्रोसेसिंग की प्लांट में | 10 से 15 हजार मीट्रिक टन हुआ निस्तारित | 1100 मीट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन पहुंच रहा प्लांट में |

### चारों मशीनें चालू

पहले जहां शिवरी प्लांट में सिर्फ दो कूड़ा प्रोसेसिंग मशीन चालू थी. वहीं अब यह संख्या चार हो गई है. मतलब प्लांट में लगी सभी कूड़ा प्रोसेसिंग मशीनें चलने लगी हैं, जिसकी वजह से भी प्लांट में लगे कूड़े के ढेरों को तेजी से निस्तारित किया जा रहा है.

### हॉट स्पॉट की अलग व्यवस्था

हॉट स्पॉट से कूड़ा कलेक्शन करने के लिए अलग से कर्मचारी लगाए गए हैं. इन सभी कर्मचारियों को पीपीई किट दिए जाने के साथ ही हर एक का नियमित हेल्थ चेकअप भी कराया जा रहा है, जिससे वे स्वस्थ रहे



"हमारा यही प्रयास है कि दो से तीन माह के अंदर शिवरी प्लांट में लगे कूड़े के ढेरों को पूरी तरह से निस्तारित कर दिया जाए. इस समय प्लांट में सभी कूड़ा प्रोसेसिंग मशीनें चल रही हैं. अभिषेक सिंह, एडवाइजर, ईकोग्रीन कंपनी

# सुबह टहलने वाले लोगों के लिए छह बजे खुलेंगे ई-सुविधा केंद्र

**LUCKNOW(16 May inext):** मध्यांचल एमडी सूर्य पाल गंगवार के निर्देश के बाद राजधानी सहित 19 जिलों के केंद्र पूर्व की भांति खोले जाएंगे. वहीं बिजली महकमे ने सुबह टहलने वाले लोगों को सहूलियत देने की एक नई पहल की है. यानी अब सुबह टहलने वाले लोग छह बजे ई-सुविधा केंद्र पर जाकर बिजली बिल जमा कर सकेंगे. इसके लिए पहले चरण में चिह्नित किए गए लखनऊ के तीन उपकेंद्र आशियाना, अरविंदो पार्क इंदिरानगर और विश्वास खंड गोमती नगर में यह सुविधा तत्काल प्रभाव से शुरू हो गई है.प्रोजेक्ट प्रबंधक विनय द्विवेदी ने बताया कि लखनऊ के 76 ई-सुविधा केंद्र खोलने के साथ ही मध्यांचल के 19 जिलों में 14 घंटे केंद्र खोले जाएंगे. ऐसे में अब उपभोक्ता अपनी सुविधानुसार किसी भी समय जा कर बिजली बिल जमा कर सकेंगे. वहीं एक पाली में खुलने वाला केंद्र अब दो पालियों में खोले जाएंगे.






TO,
**अक्षित सचदेवा**
हैप्पी बर्थ डे. हमेशा खुशियां तुम्हारे दामन में रहें और जिंदगी में कभी कोई परेशानी सामने न आए....



TO,
**प्रनव शुक्ला**
सफलता का हर मुकाम मिले. कभी कोई परेशानी सामने न आए. खुशियों का यह दिन हमेशा मुस्कुराए....

## i RECIPE OF THE DAY

### कुरकुरे सूजी नगेट्स



इस लॉकडाउन में अगर आप भी बना रहे हैं घर में कुछ खास तो फोटो के साथ रेसिपी शेयर करें. रेसिपी के साथ आप अपना नाम, सिटी का नाम और अपनी फोटो जरूर भेजें. वाट्सऐप करें 9450393601 या ईमेल करें lucknow@inext.co.in

- टाइम- 50 मिनट
- कितने लोगों के लिए- 4

- सूजी - 1 कप
- आलू - 3 (उबले और मैश्ड)
- हरा धनिया - 2 टेबलस्पून (बारीक कटी)
- हरी मिर्च - 2 (बारीक कटी)
- हल्दी पाउडर - 1/2 छोटी टीस्पून
- धनिया पाउडर - 1.5 छोटी टीस्पून
- लाल मिर्च पाउडर - 1/2 छोटी टीस्पून
- अमचूर पाउडर- 1/2 छोटी टीस्पून
- गरम मसाला - 1/2 छोटी टीस्पून
- नमक - 1.75 छोटी टीस्पून
- तेल- जरूरत के मुताबिक

### मेथड

- सबसे पहले एक बर्तन में 2 कप पानी, 1 टीस्पून नमक और 2 टीस्पून तेल डालकर मीडियम फ्लेम पर उबाल आने तक पका लें. पानी में उबाल आने के बाद फ्लेम को धीमा कर दें, अब इसमें धीरे-धीरे सूजी डालकर लगातार चलाते हुए मिक्स करें और धीमी आंच पर गाढ़ा होने तक इसे पका लें और हल्का ठंडा होने दें. फिर हाथ पर थोड़ा सा तेल लगाकर सूजी को अच्छे से गूंथ लें और ढककर रख दें. स्टफिंग के लिए एक पैन में तेल गरम करें. इसमें हरी मिर्च, धनिया पाउडर, हल्दी पाउडर डालकर 10 सेकेंड तक भून लें. इसमें आलू, लाल मिर्च पाउडर, अमचूर पाउडर, नमक, गरम मसाला और हरा धनिया डालकर मिक्स करें और एक मिनट तक धीमी आंच पर भून लें. फिर इसे ठंडा होने दें. ठंडा होने पर मिक्सचर से बॉल्स बना लें. अब सूजी के आटे से लोई बना लें और उसे छोटी पूरी की तरह बेल लें. इसमें आलू की स्टफिंग को रखकर अच्छे से बंद कर दें और हाथों से दबाकर इसे सिलेंड्रिकल शेप दे दें. फिर मीडियम आंच पर इन्हें दोनों ओर से गोल्डन ब्राउन होने तक डीप फ्राई कर लें. इन्हें चटनी या सॉस के साथ सर्व करें.

# कामर्शियल वाहनों में मिले छूट

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ने शासन को लिखा लेटर

**LUCKNOW (16 May inext):** एक तरफ लॉकडाउन के दौरान वाहनों पर टैक्स में राहत का सपना दिखाया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ टैक्स जमा करने में देरी होने पर जुर्माना वसूला जा रहा है. परिवहन विभाग की इस मनमानी से ट्रक आरपरेटर्स और अन्य वाहन मालिक नाराज हैं. ऐसे में इन लोगों ने वाहनों का चक्का जाम करने की चेतावनी भी दी है.

### शासन को लिखा लेटर

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ने इस मामले में एक लेटर भी शासन को लिखा है. परिवहन विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश अग्रहरि के अनुसार हिमाचल प्रदेश, पंजाब और झारखंड अपने मोटर मालिकों को टैक्स में छूट दे चुके हैं लेकिन प्रदेश में अभी इस बारे में फैसला नहीं लिया गया है. लॉकडाउन के दौरान अधिकांश वाहन खड़े रहे हैं या शासन के निर्देशों के अनुसार चले हैं. ऐसे में लॉकडाउन के दौरान वाहनों को टैक्स में छूट मिलनी चाहिए.



कोरोना से जंग के लिए दी धनराशि.

# कोविड फंड में दिए 1.5 लाख

**LUCKNOW(16 May) :** विश्व आयुर्वेद परिषद ने कोविड केयर फंड में 1,51,000 रुपये का चेक डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा को सौंपा. इस दौरान परिषद के अवध प्रांत के महासचिव डॉ. बीरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ सदस्य डॉ. मनोज मिश्रा, महानगर अध्यक्ष डॉ. रामनरेश राठौर मौजूद रहे. प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र चौधरी सहयोग देने वाले सदस्यों का आभार व्यक्त किया.

**आवश्यक सूचना**
समस्त विज्ञापनदाताओं से अनुरोध है कि, विज्ञापन प्रकाशन हेतु हमारे प्रतिनिधि को दिये गये नगद भुगतान की रसीद यदि आपको उस प्रतिनिधि द्वारा 48 घंटे में प्रदान नहीं की जाती है, तो इसकी सूचना तत्काल जे. पी. श्रीवास्तव - 7706955542 या E-Mail ID : advertising@inext.co.in पर देने की कृपा करें।
प्रबन्धक (Dainik Jagran-Inext)

**वैधानिक सूचना**
सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक सम्पूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो दैनिक जागरण-आई नेक्स्ट के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी। प्रबन्धक विज्ञापन

दैनिक जागरण inext Classifieds
छोटा Space, बड़ा Impact

Notice
SONALI FRIENDSHIP SERVICE खूबसूरत महिलाओं, हाउस वाइफ, कालेज गर्ल से दोस्ती/मसाज करके 20 से 30000/- हजार प्रति मीटिंग कमायें।
9536495775
7451070262
8006216092
8791123578
9084720048
7055078430

दैनिक जागरण inext

Electronic
PATNY® CEILING FAN
Figo
JAIN ELECTRO HYDERABAD - INDIA
jainelectro.com
M. : 8840401050

## EDITORIAL FOCUS

# स्वदेशी की दिशा में आगे बढ़ते सरकार के सकारात्मक कदम

वित्त मंत्री ने शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस के जरिये 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज से जुड़ी चौथे चरण की घोषणाएं की. बुधवार से लगातार रोज शाम 4 बजे मीडिया के सामने लॉकडाउन से प्रभावित लोगों, सेक्टर्स एवं उद्योगों के लिए किए जा रहे उपायों की घोषणा की जा रही है. वित्त मंत्री ने अब तक की तीन किस्तों में किसानों, पशुपालकों, एमएसएमई सेक्टर, प्रवासी मजदूरों, स्ट्रीट वेंडर्स और अन्य तबके के लिए कई तरह की राहत उपायों की घोषणा की है.

इस दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की जरूरत है. इसके लिए इसमें निजी निवेश को बल देने के लिए कुछ बदलाव भी किए गए हैं. इसके लिए 30 फीसद केंद्र और 30 फीसद राज्य सरकारों द्वारा फंडिंग की जाएगी. इसके लिए 8 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि पीपीपी मॉडल के तहत 6 नए एयरपोर्ट्स की नीलामी होगी. 2300 करोड़ रुपए की डाउनपेमेंट एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को मिलेगी. 1300 करोड़ का निवेश पहले और दूसरे चरण में आएगा. साथ ही उन्होंने कहा कि भारत को एयरक्राफ्ट रिपेयर सर्विस हब बनाएंगे. इंडियन एयरक्राफ्ट्स का मेंटेनेंस और रिपेयरिंग भारत में ही हो, ऐसा सुनिश्चित किया जाएगा. एयरलाइंस की लागत कम हो, उस दिशा में कदम उठाए जाएंगे. समयबद्ध रक्षा खरीद के लिए सरकार कदम उठाएगी. इसके साथ ही ट्रायल और टेस्टिंग प्रक्रिया को बेहतर बनाया जाएगा. मिनरल माइनिंग में निजी निवेश बढ़ाया जाएगा. बॉक्साइट और कोयला का ज्वाइंट ऑक्शन भी होगा. इससे खनन में वृद्धि होगी और रोजगार सृजन भी होगा. कोयला क्षेत्र-कोयला उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए कोयला के आयात में कमी लाने की जरूरत है.



**सरकार का पूरा प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने का है और इसके लिए सबसे जरूरी है स्वदेशी का प्रमोशन और यह काम केवल प्रोडक्शन से ही नहीं होगा, बल्कि हर भारतीय को आगे आना होगा.**

इस सब बातों से साफ है कि सरकार का पूरा प्रयास आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने का है और इसके लिए सबसे जरूरी है स्वदेशी का प्रमोशन और यह काम केवल प्रोडक्शन से ही नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए हर भारतीय को बढ़चढ़ कर आगे आना होगा. आगे से आगे बढ़कर अपने कंजम्पशन में हमें स्वदेशी को शामिल करना होगा. हम सबके ऐसा करने से ही सरकार का यह पूरा प्रयास सफल हो सकता है.

MAIL YOUR OPINION AT
editor@inext.co.in
tweet@inextlive
Message@facebook.com/inextlive

## SHARE

# कोरोना के सबक को समझने में ही है समझदारी



प्रियंका सौरभ
(writer is a Freelancer)



जीवाश्म ईंधन उद्योग - फोसिल फ्यूल इंडस्ट्री - से ग्लोबल कार्बन उत्सर्जन इस साल रिकॉर्ड 5 प्रतिशत की कमी के साथ 2.5 बिलियन टन घट सकता है. रिपोर्ट्स के अनुसार कोरोना वायरस महामारी के चरम पर होने के कारण इस जीवाश्म ईंधन की मांग में सबसे बड़ी गिरावट आई है. यही नहीं, महामारी की वजह से यात्रा, कार्य और उद्योगों पर लगे अभूतपूर्व प्रतिबंधों ने हमारे घुटे हुए शहरों में भी अच्छी क्वालिटी की हवा के साथ अच्छे दिनों को सुनिश्चित कर दिया है. इस क्रम में पॉल्यूशन और ग्रीनहाउस से गैस उत्सर्जन का स्तर सभी महाद्वीपों में गिर गया है.

कोरोना वायरस महामारी आर्थिक गतिविधियों में वैश्विक कमी का कारण बनी है, हालांकि यह चिंता का प्रमुख कारण है, पर ह्यूमन एक्टिविटीज के कम होने का पर्यावरण पर पॉजिटिव असर जरूर पड़ता है. अब देखिए न, इन दिनों औद्योगिक और परिवहन उत्सर्जन व अपशिष्ट निर्माण की तादाद बहुत हद तक कम हो गई है और औसत दर्जे का डेटा वायुमंडल, मिट्टी और पानी में प्रदूषकों के समाशोधन का कार्य कर रहा है. यह प्रभाव कार्बन उत्सर्जन के विपरीत भी है, जो एक दशक पहले वैश्विक वित्तीय परिणामों के बाद 5 प्रतिशत तक बढ़ गया था.

मई का महीना, जो आमतौर पर पत्तियों के अपघटन के कारण शिखर कार्बन उत्सर्जन को रिकॉर्ड करता है, में दर्ज किया गया है कि 2008 के वित्तीय संकट के बाद हवा में प्रदूषकों का न्यूनतम स्तर क्या हो सकता है. इस दौरान सिर्फ भारत ने ही नहीं, बल्कि चीन और उत्तरी इटली ने भी अपने देश में नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के लेवल में महत्वपूर्ण कमी दर्ज की है. लॉकडाउन के परिणामस्वरूप, मार्च और अप्रैल में दुनिया के प्रमुख शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स में जबरदस्त सुधार हुआ है. कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx) और संबंधित ओजोन ($O_3$) के गठन व पार्टिकुलेट मैटर (PM) में फैक्ट्री और सड़क यातायात उत्सर्जन में भी कमी के कारण हवा की क्वालिटी में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है. साथ ही साथ जल निकाय भी साफ हो रहे हैं और यमुना व गंगा जैसी नदियों में देशव्यापी तालाबंदी के लागू होने के बाद से बेहद अहम सुधार दिखे हैं.

**कोरोना वायरस एक तरह का संकेत है, जो प्रकृति की खूबसूरती की ओर हमें ले जाता है. ये हमें बताता है कि अगर ऐसे ही स्वच्छ जलवायु हमें चाहिए, तो भविष्य में अपने स्तर पर ही हमें और भी बड़े लॉकडाउन के लिए प्रैक्टिस करनी होगी, पर बिना किसी वायरस के. अगर हम पर्यावरण के अधिकारों का सम्मान नहीं करते, तो ऐसी कई महामारियों का दंश झेलने के लिए हमें आगे भी तैयार रहना होगा.**

इस स्थिति में जब लगभग सभी राष्ट्रों में कोरोना वायरस के साए में बंदी लागू है, तो पर्यावरण, परिवहन और उद्योग के नियमों का बेहतर कार्यान्वयन पर्यावरण पर ह्यूमन एक्टिविटीज के हार्मफुल इफैक्ट्स को कम करने में उपयोगी सिद्ध हुआ है, हालांकि इस तरह के विकास ने ग्लोबल प्रोडक्शन, उपभोग और रोजगारों के स्तर में भारी आर्थिक और सामाजिक झटके दिए हैं, लेकिन वायु प्रदूषण और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में महत्वपूर्ण कमी जैसे मुद्दे भी इसी से जुड़े हुए हैं, इसलिए जब तक कोरोनो वायरस संकट आर्थिक गतिविधियों को कम करता रहेगा, कार्बन उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम ही रहेगा. देखा जाए तो यह बड़ा और टिकाऊ पर्यावरणीय सुधार है.

ग्लोबल लेवल पर वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से होने वाली मौतें हर साल 7 मिलियन मौतों के साथ महामारी के अनुपात में लगभग बराबर ही होती हैं. इस समस्या को दूर करने के लिए भारत में भी एक जागृत आह्वान होना चाहिए. हां हालांकि, वायु प्रदूषण को कम करने के लिए लॉकडाउन का तरीका कोई आदर्श तरीका नहीं है, लेकिन प्रेजेंट कंडीशन में यह साबित करता है कि वायु प्रदूषण मानव निर्मित ही है और अब हमें यह भी पता चल गया है कि प्रदूषण को कम हम ही लोग कर सकते हैं. वर्तमान कोरोना वायरस संकट भारत को एक स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य में निवेश करने के अवसर दे रहा है, इस अवसर को हमें किसी भी कीमत पर भुनाना ही होगा.

अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक - जिनमें ब्लैक कार्बन, मीथेन, हाइड्रोफ्लोरोकार्बन और ट्रोपोस्फेरिक ओजोन शामिल हैं - ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देने वाले ये तत्व शक्तिशाली जलवायु कैंसर की तरह हैं. ये दुनियाभर में बड़ी आबादी के लिए भोजन, पानी और आर्थिक सुरक्षा को भी महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करते हैं, अल्पकालिक जलवायु प्रदूषकों के प्रभाव एक प्रमुख विकास के मुद्दे का प्रतिनिधित्व करते हैं जो त्वरित और महत्वपूर्ण वैश्विक कार्रवाई चाहते हैं, अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक उत्सर्जन को कम करने के उपाय अक्सर सुलभ और लागत प्रभावी होते हैं और अगर जल्द लागू किए गए तो जलवायु के साथ-साथ लाखों लोगों के स्वास्थ्य और आजीविका के लिए तत्काल लाभदायक साबित हो सकते हैं. जलवायु परिवर्तन पर विज्ञान के माध्यम से हम जनता के लिए खतरे को भांपने में विफल रहे हैं, जिससे तथ्यों का व्यापक खंडन हुआ है. आवास और जैव विविधता का नुकसान मानव समुदायों में फैलने वाले घातक वायरस और कोविड-19 जैसी बीमारियों के लिए स्थितियां बनाता है और अगर हम अपनी भूमि को नष्ट करना जारी रखते हैं, तो हम अपने पास मौजूद आवश्यक संसाधनों को भी नष्ट कर देंगे और इससे हमारी कृषि प्रणालियों को भी गहरा धक्का लगेगा.

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर उठाए जाने वाले सख्त कदम भोजन और पानी की कमी, प्राकृतिक आपदाओं और समुद्र के स्तर में वृद्धि को कम कर सकती है, जिससे अनगिनत व्यक्तियों और समुदायों की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सकता है. दुनिया भर में, स्वस्थ लोग अपनी कम्युनिटी में अधिक संवेदनशील लोगों की रक्षा के लिए अपनी लाइफ स्टाइल को बदल रहे हैं. जलवायु परिवर्तन के लिए इसी तरह का समर्पण हमारी ऊर्जा खपत को काफी हद तक बदल सकता है.

सामान्य रूप से - जीवाश्म ईंधन को खोदना, जंगलों को काटना और लाभ, सुविधा व खपत के लिए हेल्थ को इग्नोर करना - विनाशकारी जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दे रहा है. अब समय आ गया है जब प्रेजेंट कंडीशंस को देखते हुए अपनी धरती की सुरक्षा के लिए अहतियातन कदम उठाए जाएं. इस नजरिए से देखें तो कोरोना वायरस एक लक्षण है, एक संकेत है, जो प्रकृति की खूबसूरती की ओर हमें ले जाता है. ये हमें इस बात का संकेत देता है कि अगर इसी तरह से स्वच्छ व सुरक्षित जलवायु हमें चाहिए, तो भविष्य में अपने स्तर पर ही और भी बड़े लॉकडाउन के लिए अभ्यास करना होगा, पर बिना कोविड-19 जैसे वायरस के. यह इस बात का संकेत देता है कि अगर हम पर्यावरण के अधिकारों का सम्मान नहीं करते हैं, तो कोविड-19 जैसे महामारियों का दंश झेलने के लिए हमें आगे भी तैयार रहना होगा.

अब समय आ गया है, हमें धरती मां की पुकार सुननी होगी. अपनी धरती को अगर हमने मां का दर्जा दिया है, तो उसके साथ मां जैसी भावना से पेश भी आना होगा. ऐसा न किया गया तो आधुनिक युग के महानतम वैज्ञानिक और ब्रह्मांड के कई रहस्यों को सुलझाने वाले खगोल विशेषज्ञ स्टीफन हॉकिंग की भविष्यवाणी का दर्द हमें झेलना होगा. उनका मानना था कि पृथ्वी पर हम मनुष्यों के दिन अब पूरे हो चले हैं. हम यहां दस लाख साल बिता चुके हैं. पृथ्वी की उम्र अब महज दो सौ से पांच सौ साल ही बची है. इसके बाद या तो कहीं से कोई धूमकेतु आकर इससे टकराएगा या सूरज का ताप इसे निगल जाने वाला है या कोई महामारी आएगी और यह धरती खाली हो जाएगी.

हॉकिंग के अनुसार मनुष्य को अगर एक या दस लाख साल और बचना है, तो उसे पृथ्वी को छोड़कर किसी दूसरे ग्रह पर शरण लेनी होगी. अब यह ग्रह कौन सा होगा, इसकी तलाश अभी बाकी है. इस तलाश की रफ्तार फिलहाल बहुत धीमी है. पृथ्वी का मौसम, तापमान और यहां जीवन की परिस्थितियां जिस तेज रफ्तार से बदल रही हैं, उन्हें देखते हुए उनकी इस भविष्यवाणी पर भरोसा न करने की कोई वजह नहीं दिखती, पर हां लॉकडाउन के बाद जिस तरह से हमारी धरती और आसपास की जलवायु का हाल बदला है, उसको देखते हुए हम अभी भी प्रकृति के प्रति सबक ले लें, तो बहुत कुछ बदल सकता है.

"Environmental cleanliness begins with individual desire to be clean."
LAILAH GIFTY AKITA

इस पृष्ठ पर अपनी राय हमें इस ईमेल पर भेजें
editor@inext.co.in

## POLL

### आज का सवाल

**अर्थव्यवस्था को पहुंचे नुकसानों से निपटने के लिए क्या पूरी तरह से तैयार है सरकार?**

टाइप करें आईनेक्स्टपोल, स्पेस दें, सिटी का नाम लिखें, स्पेस दें अपना विचार दें और इसे वाट्सअप कर दें.

9919445503

### कल के सवाल का जवाब




क्या आपको लगता है कि लॉकडाउन में ढील से बढ़ सकता है कम्युनिटी ट्रांसमिशन का खतरा?

## MAIL BOX




### तय करनी होंगी सोशल मीडिया की हदें

बेहतर शासन और उन्नतिशील समाज के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की पैरवी हमेशा से ही होती आई है. मानस में तुलसी भी कहते हैं कि 'सचिव बैद गुरु तीन जौं, प्रिय बोलहिं भय आस,' तो कबीर कहते हैं 'निंदक नियरे राखिए आंगन कुटी छवाय...' यानि बदनामी के डर से स्वस्थ आलोचना से परहेज किसी भी राज्य की जड़ों को खोखला ही करता है.

सुभाष जैन

### डर के आईने में कोरोना और मुनाफे का खेल

भेड़ और बकरी के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद कोरोना संक्रमण के दौर में मुनाफे के खेल की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं. इस बात का खुलासा तंजानिया के राष्ट्रपति ने किया है. तंजानिया में भेड़, बकरी समेत कुछ जानवरों के ब्लड सैंपल्स लैब में जांच के लिए भेजे गए थे. दरअसल राष्ट्रपति खुद कोरोना संक्रमण की सच्चाई को जानना चाहते थे.

तनुज शर्मा

## SUVICHAAR

**तुम जीवन में तभी अर्थ पा सकते हो, जब तुम इसे निर्मित करते हो. जीवन एक कविता है जिसे लिखा जाना चाहिए. यह गाया जाने वाला गीत, किया जाने वाला नृत्य है.**

ओशो

## ASTROLOGY



17 May 2020 to 23 May 2020

**Pallavi A K Sharma**
(Astrologer)

यहां दिया गया राशिफल सूर्यगणना पर आधारित है, इसलिए कृपया अपनी जन्मतिथि के अनुसार ही राशिफल देखें.

Email: features@inext.co.in
Website: www.inextlive.com/horoscope

### ARIES (मेष)
MAR 21 - APR 20

ये सप्ताह आपके लिए बहुत पॉजिटिव रहने वाला है. आप कई नई चीजों के बारे में सोचेंगे. इस हफ्ते यह भी हो सकता है आपकी सेंसिटिविटी थोड़ी बढ़ी रहे और आपके रिलेशनशिप्स में भी थोड़ी परेशानी आ सकती है. इस बात को लेकर जरा ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है. अपने आपको ठंडी चीजों से बचाकर रखें. वरना सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है, इसलिए परहेज करने में ही भलाई है. काम और धन संबंधी चीजों के लिए ये हफ्ता अच्छा है. आप इस दौरान विशेष रूप से किसी क्षेत्र में तरक्की करेंगे, ईश्वर की आराधना में थोड़ा समय व्यतीत करना आपके लिए फलदायी साबित होगा.

### TAURUS (वृषभ)
APR 21- MAY 21

इस सप्ताह आप जो काम करेंगे वो इमोशनली करेंगे. आप ज्यादा निगेटिव न हों, अपने काम के रिजल्ट के बारे में ज्यादा न सोचें और पहले से किसी बात पर अपना जजमेंट न दें. आप हमेशा ये ध्यान रखें कि खुशी बाहर कहीं नहीं मिलती है, खुशी अपने अंदर ही कहीं होती है और परमपिता परमेश्वर के साथ जब आप स्वयं को जुड़ा हुआ अनुभव करेंगे, तभी आपको परमसुख की प्राप्ति होगी. इस हफ्ते आपके खर्च थोड़े बढ़ेंगे, इनपर नियंत्रण रखें. काम के नए अवसर भी मिलेंगे. आप उन पर जरूर विचार करें. ये हफ्ता थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रहेगा. अपने आपको बैलेंस रखने की कोशिश करें.

### GEMINI (मिथुन)
MAY 22 - JUN 21

आप जिस तरह का भाव एक्सप्रेस करना चाहते हैं, वैसा कर नहीं पाते हैं या जिस तरह से आप दूसरों के सामने खुद को प्रेजेंट करना चाहते हैं, उस तरह से नहीं कर पा रहे. आपके विचार सांसारिक और धार्मिक दोनों पहलुओं तक पहुंच रहें है, इसलिए खुद के विचारों पर बैलेंस बनाए रखें. अपनी क्रिएटिविटी से आप कई अच्छे काम करेंगे. इससे अपनों के बीच आपकी तारीफ भी होगी. अपनी बात को सही तरीके से कहने, अपने कम्युनिकेशन को बैलेंस करने के लिए आप गणेश जी की उपासना करें. इस हफ्ते ज्यादा इमोशनल न हों. धन सम्बन्धी मामलों के लिए ये हफ्ता थोड़ा कठिन है, लेकिन आप मैनेज कर लेंगे.

### CANCER (कर्क)
JUN 22 - JUL 22

आप मस्ती से भरपूर समय व्यतीत कर रहे हैं, जहां जाते हैं, वहीं के हो जाते हैं. गंगा गए गंगा राम, जमुना गए जमुना राम वाला मुहावरा आप पर सही बैठता है. आप अपने काम को बहुत शान्तिपूर्ण तरीके से पूरा करते हैं. भगवान से आपका कनेक्शन काफी मजबूत बना हुआ है, पर इस सप्ताह वो आपसे बस इतना कहना चाहते हैं कि कोई भी फैसला लेते समय या कोई भी काम करते समय दिल के साथ-साथ दिमाग का भी इस्तेमाल करें, बहुत ज्यादा भावनात्मक होकर कोई काम न करें और अपने लक्ष्य पर फोकस बनाए रखें, आपको काम में जरूर सफलता मिलेगी. धन लाभ के लिए ये हफ्ता काफी अच्छा है.

### LEO (सिंह)
JUL 23 - AUG 22

ये सप्ताह मूवमेंट वाला है. आप कुछ नया करने के बारे में सोचेंगे, आप काम पर थोड़ा फोकस बनाए रखें, तो बेहतर होगा. इसके लिए सबसे पहले चीजों को अच्छी तरह से समझें, उसके बाद ही कोई कदम उठाएं. अपने आपको एंजेल से कनेक्ट करें, वो आपकी मदद जरूर करेगी. धन सम्बन्धी मामलों के लिए ये सप्ताह बहुत अच्छा रहेगा. बस अपनी मेहनत पर विश्वास रखें, क्योंकि जीवन में आपको कोई भी चीज अपनी मेहनत से ही मिली है, इसलिए किस्मत से ज्यादा विश्वास अपनी मेहनत पर रखें और बिना थके आगे बढ़ते रहे. सफलता आपका इंतजार कर रही है.

### VIRGO (कन्या)
AUG 23 - SEP 23

इस सप्ताह आपको अपनी तबियत का खास ख्याल रखने की जरूरत है. कोशिश करें कि नेचुरल चीजों के साथ ज्यादा से ज्यादा जुड़ें, कुछ एक्सरसाइजेस पर ध्यान दें और खुश रहने की कोशिश करें. कोई भी ऐसी बात जो आपकी नकारात्मकता बढ़ाए, उनसे दूर ही रहें. किसी भी बात को लेकर दूसरों से बहुत ज्यादा उम्मीद न करें, क्योंकि उम्मीद न पूरी होने पर आप अच्छा महसूस नहीं करेंगे और ऐसा करना इस वक्त आपके लिए सही नहीं होगा. आपके लिए यह काफी आनंदमय सप्ताह रहेगा, इसलिए बेकार की बातों को मन पर हावी न होने दें और अच्छा-अच्छा सोचें, सब अच्छा ही होगा.

### LIBRA (तुला)
SEP 24 - OCT 23

इस सप्ताह कुछ ईश्वरीय शक्तियां आपका मार्गदर्शन करेंगी, आपको जिंदगी में नए रास्ते दिखाएंगी और आपको पॉजिटिविटी भी मिलेगी. ऐसा होने के साथ ही रुके हुए काम भी बनेंगे, शुरुआत में थोड़ी मेहनत ज्यादा करनी होगी. आपने जिस भी काम के लिए योजना बनाई है, उसपर सकारात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे. आर्थिक रूप से भी ये सप्ताह आपके लिए काफी अच्छा रहेगा. धन लाभ की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं. परिवार में खुशियों में आगमन होगा. इसी के साथ कोई नई खुशखबरी भी सुनने को मिलेगी, जिसे सुनकर मन पॉजिटिव वाइब्स से भर जाएगा और आप अच्छा महसूस करेंगे.

### SCORPIO (वृश्चिक)
OCT 24 - NOV 22

आप अपने दिल और दिमाग के बीच में सामंजस्य नहीं बना पा रहे हैं, पर इस बात को लेकर आप और ज्यादा लोगों को दुविधा में न डालें. आप अपनी आय-व्यय को भी बैलेंस कर रहे हैं. यहां आपको एक बात का खास ध्यान रखने की सख्त जरूरत है कि अपने दिल व दिमाग से सभी नकारात्मक चीजों को पूरी तरह से निकाल दें, किसी भी बात पर ज्यादा इमोशनल न हों. इसी के साथ आपको इस सप्ताह प्रकृति के साथ जुड़ने की जरूरत है और सुबह सूर्य को जल दें. ऐसा करने से आपको काफी पॉजिटिव और हल्का महसूस होगा. आर्थिक स्थिति सही रहेगी, लेकिन थोड़े खर्च बढ़ सकते हैं.

### SAGITTARIUS (धनु)
NOV 23 - DEC 21

आप जो काम कर रहे हैं, उस काम को करने का आपका काफी समय से मन था, आपकी छिपी हुई निपुणता, प्रतिभा अब निखरकर सामने आ रही है. आप वास्तविक रूप से प्रकृति और मून की एनर्जी से बहुत कनेक्ट हो रहे हैं, आप सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे हैं. धन सम्बन्धी मामलों के लिए यह समय हर तरह से ठीक है, लेकिन आप हमेशा एक बात को याद रखें कि किसी भी चीज का अंत व प्रारंभ दोनों होता है. इस बात को ध्यान में रखते हुए भूतकाल की बातों को भी खत्म करने की जरूरत है, ताकि नई चीजों की शुरुआत हो सके. आर्थिक दृष्टि से भी यह सप्ताह बहुत उत्तम रहेगा. परिवार के साथ अच्छा वक्त व्यतीत होगा.

### CAPRICORN (मकर)
DEC 22 - JAN 20

धन से जुड़े मामलों के लिए यह सप्ताह बहुत ठीक रहेगा, थोड़ी सी आर्थिक परेशानियां आ सकती हैं, पर इसको लेकर निगेटिविटी में खोने का ये वक्त नहीं है. मेडिटेशन करने से आपको सकारात्मकता का अनुभव होगा, लेकिन अपनी तबियत का ध्यान रखें और थोड़ा फोकस अपनी सेहत पर रखें, आपके ऊपर ईश्वर की कृपा हमेशा रहेगी. स्वयं पर अपना विश्वास बनाकर रखें. खुद पर विश्वास रखेंगे, तभी मुश्किलों से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ पाएंगे. वैसे एकाग्र होकर सोचेंगे तो आपके लिए कोई भी राह मुश्किल नहीं है. बस थोड़ा सा अहतियात बरतने की जरूरत है.

### AQUARIUS (कुंभ)
JAN 21 - FEB 19

आप इमोशनली बहुत ज्यादा सोच रहे हैं. बेहतर होगा कि इस समय आप अपने आपको बैलेंस रखें. आप एकाग्र होकर अपने काम को करेंगे, तो काफी हद तक सफल होंगे. ऐसा जान पड़ रहा है कि जो मुश्किलें आई हैं, उनको वास्तविक रूप से आप स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं. हो सकता है कि पहले जो आपको काम में परेशानियां आई हैं, उससे आपको थोड़ा नुकसान हुआ हो. अपने ऊपर विश्वास बनाए रखें, ईश्वर की मदद से आप परेशानियों का हल निकाल सकेंगे. आपको अपने आपको थोड़ा बैलेंस करने की जरूरत है, साथ ही साथ आपको नेचुरल चीजों से जुड़ने की भी आवश्यकता है.

### PISCES (मीन)
FEB 20 - MAR 20

आप क्रिएटिव होकर किसी भी काम को करेंगे, जिस प्रकार आप काम करेंगे उससे आपको काम के अवसर मिलेंगे. वैसे क्रिएटिविटी के साथ किसी भी काम को काम करने की आपकी पुरानी आदत है. आपकी यही आदत इस सप्ताह आपका बहुत साथ देगी. हो सकता है आपके खर्च भी बढ़ें, लेकिन आप अपनी सूझ-बूझ के साथ आय और व्यय दोनों को नियंत्रित कर लेंगे. आप अपनी सोच से भी ज्यादा अच्छा काम करेंगे. इसी के साथ आप इस कठिन समय में भी खुद को पॉजिटिव रखने में कामयाब साबित होंगे. वैसे ऐसा करना आपके लिए अच्छा भी होगा, ईश्वर पर विश्वास बनाकर रखें.

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन, संपादकीय निदेशक- महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त,
जागरण प्रकाशन लि. के लिए जगदीश कुमार द्विवेदी द्वारा 57ए-3, मीराबाई मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा दैनिक जागरण प्रेस ग्राम-अनौरा, फैजाबाद रोड, लखनऊ से मुद्रित) संपादक (उत्तर प्रदेश) - आशुतोष शुक्ल, स्थानीय संपादक-सद्गुरु शरण अवस्थी*
दूरभाष: लखनऊ कार्यालय : 4503400, E-mail: lucknow@lko.jagran.com, R.N.I. No. 35496/79 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे। रजि.नं.एल.डब्ल्यू.एन.पी 134 वर्ष 41, अंक 206

# hitlist



## Hits of B-town

### Quiz No. 92

1981 में रिलीज होने वाली सुपरहिट फिल्म 'उमराव जान' के गीतकार का नाम बताएं?



a) मिर्जा गालिब
b) शहरयार (अखलाक मुहम्मद खान)
c) जावेद अख्तर d) गुलजार

Quiz No. 91 Answer : a) खय्याम
Winner: Prem Gangwar, Bareilly

ऐसे करें पार्टिसिपेट : अपना आंसर हमें अपने नाम, मोबाइल नंबर व शहर के नाम के साथ दिए गए features@inext.co.in पर या '7311192685' नंबर पर व्हाट्सऐप के थ्रू भेज दें. सही जवाब भेजने वाले लकी विनर का नाम यहां पब्लिश किया जाएगा.

## OTT Spotlight

लॉकडाउन के बीच एंटरटेनमेंट के लिए 'ओटीटी' प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद कंटेंट लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है. अगर आप भी इसका मजा लेना चाहते हैं तो जानिए यहां मौजूद कुछ बेहद एंटरटेनिंग ऑप्शंस के बारे में...

### AMAZON PRIME

**'स्ट्रीट डांसर 3डी' मूवी** इंडिया और पाकिस्तान के डांस ग्रुप्स पर बेस्ड है, जो हमेशा एक-दूसरे से लड़ते रहते हैं. पर फिर उनकी जिंदगी में ऐसा मोड़ आता है जब वे एक मकसद के लिए साथ आ जाते हैं.



### DISNEY+HOTSTAR

**'2 स्टेट्स' मूवी** नॉर्थ इंडियन लड़के और साउथ इंडियन लड़की की लव स्टोरी है, जो पढ़ाई के दौरान मिलते हैं. अब उनकी कोशिश अपने पेरेंट्स को इस रिश्ते के लिए मनाने और उनका आशीर्वाद पाने की है.



### NETFLIX

**'हसमुख' सीरीज** कहानी है छोटे शहर के एक स्टैंड-अप कॉमेडियन की, जिसको लंबे इंतजार के बाद मौका मिलता है. उसको लगता है कि स्टेज पर जाने के पहले हत्या करने से वह अच्छा परफॉर्म करेगा.



### ZEE 5

**'कर्ज' मूवी** इंतकाम की कहानी है, जहां एक शख्स, जिसकी हत्या कर दी जाती है, का पुनर्जन्म होता है और वह अपनी हत्या का बदला लेता है. ऋषि कपूर की यह कुछ सबसे यादगार फिल्मों में से एक है.



## HIT DIARY

### यूलिया करेंगी एक और कोशिश



**अगर सलमान** खान लॉकडाउन के दौरान म्यूजिक वीडियोज बनाने में बिजी हैं, तो उनकी रयूमर्ड गर्लफ्रेंड यूलिया वंतूर भी चुपचाप अपने काम में लगी हैं. इंडस्ट्री से जुड़े सोर्सेज के मुताबिक, यह रोमानियन एक्टर-मॉडल, जो एक्टिंग और सिंगिंग में भी हाथ आजमा चुकी है, अब एक वेब शो होस्ट करने की तैयारी कर रही है. उन्हें एक चैट शो होस्ट करने के लिए एक प्रोडक्शन हाउस की तरफ से अप्रोच किया गया है. यह शो एक बॉलीवुड सुपरस्टार बनने के सफर के बारे में होगा.



### सलमान खान करेंगे शो की शुरुआत

सोर्स ने खुलासा किया कि हर एपिसोड एक सेलिब्रिटी को डेडिकेटेड होगा, जिसमें उनके साथ अक्सर काम करने वाले, भरोसेमंद स्टाफ मेंबर्स उस स्टार के पीछे के इंसान की कहानी और उससे जुड़ी दिलचस्प बातें बताएंगे. पहले सीजन में आने वाली पर्सनालिटीज की फाइनल लिस्ट पर प्रोडक्शन हाउस काम कर रहा है. टीम सलमान के साथ शो की शुरुआत करना चाहती है. यह प्रोजेक्ट इस साल के आखिर में शूट होगा, जब शूटिंग्स फिर से शुरू हो जाएंगी. इसे फिल्म स्टूडियोज, स्टार्स के घर और उन्हें हैंडल करने वाली मैनेजमेंट एंजेसियों में जाकर शूट किया जाएगा.



# 'ओटीटी' रिलीज ने बढ़ा दी टेंशन

'गुलाबो सिताबो' और 'शकुंतला देवी' जैसी दो बड़ी मूवीज के डायरेक्ट वेब पर रिलीज होने से एक्जीबिटर्स 50 करोड़ रुपए के नुकसान का अंदाजा लगा रहे हैं जबकि प्रोड्यूसर्स गिल्ड का कहना है कि मौजूदा हालातों में मेकर्स के पास दूसरा कोई रास्ता नहीं बचा है...

**डिस्ट्रीब्यूटर्स के बीच है नाराजगी, मेकर्स पर धोखा देने का लगाया आरोप**

hitlist@mid-day.com

**थर्सडे को** गुलाबो सिताबो ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी. इसके साथ ही कई एक्जीबिटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स गुस्से में आ गए और उन्होंने मेकर्स पर उन्हें धोखा देने का आरोप लगाया. लीडिंग मल्टीप्लेक्स चेन 'आईनॉक्स' ने कार्रवाई की चेतावनी दी, जबकि 'पीवीआर सिनेमा' ने सिनेमाघरों को फिर से खुलने तक उनसे अपने प्रोजेक्ट्स रोकने की रिक्वेस्ट की. पर फ्राइडे को यह दरार तब और गहरी हो गई, जब 'अमेजन प्राइम वीडियो' पर विद्या बालन की शकुंतला देवी समेत सात फिल्मों की डायरेक्ट वेब पर रिलीज अनाउंस हो गई.



लक्ष्मी बॉम्ब

### प्रोड्यूसर्स नहीं कर सकते थे और लंबा इंतजार

जहां दो बड़ी रिलीज सूर्यवंशी और 83 थिएटर खुलने का वेट कर रही हैं, वहीं ट्रेड सोर्स का कहना है कि डोमेस्टिक और ओवरसीज बिजनेस, सैटेलाइट राइट्स, ओटीटी और म्यूजिक डील्स को ध्यान में रखते हुए कहा जा सकता है कि इंडस्ट्री को 600 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है. हाल ही में उठाया गया यह कदम एक्जीबिटर्स की मुसीबत बढ़ाता है. गुलाबो सिताबो और शकुंतला देवी के ओटीटी प्रीमियर से एक्जीबिटर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को मिलाकर लगभग 50 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है. मोहन उमरोतकर, सीईओ, कार्निवल सिनेमा कहते हैं कि थिएटर खुलने पर दोनों मीडियम बजट फिल्में अच्छी कमाई कर सकती थीं. हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि प्रोड्यूसर्स लंबा इंतजार नहीं कर सकते थे.



शकुंतला देवी

### क्या ये मूवीज भी आ सकती हैं वेब पर?

अगले कुछ हफ्तों में हो सकता है कि डिजिटल मार्केट के बड़े खिलाड़ी कई बॉलीवुड फिल्मों के राइट्स हासिल कर लें. सोर्स का कहना है कि गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल, लूडो और झुंड के मेकर्स ओटीटी रिलीज के लिए स्ट्रीमिंग दिग्गजों से बात कर रहे हैं. ये मूवीज कंप्लीट हैं और रिलीज का इंतजार कर रही हैं. वहीं इंदु की जवानी, रूही-अफजाना, शिद्दत भी पोस्ट-प्रोडक्शन के लास्ट फेज में हैं और डिजिटल रास्ता अपना सकती हैं. पिछले महीने खबर थी कि अक्षय कुमार की लक्ष्मी बॉम्ब को 'डिज्नी+हॉटस्टार' पर रिलीज करने की बात हो रही है. मोहन कहते हैं कि अगर ऐसा होता है तो एक्जीबिटर्स को बहुत बड़ा झटका लगेगा.



गुंजन सक्सेना

## TWINSTA CLICKS!

@deepikapadukone
Major throwback to 1st January, 2000. I was 13 & awkward. I still am. He was having lunch. Curd Rice to be precise. I was hungry, like I always am. But he didn't offer and I didn't ask...#random #anecdote @_aamirkhan.





@SrBachchan
Chale bhaiya gym...baad mein milte hain..gym yahin hai ghar ke baahar nahin.

@kareenakapoorkhan
Quarantine 2020 imprinted for life...SAK, KKK and TAK...spreading hope and faith. #QuaranTimDiaries #InhousePicasso.



## SHOW REVIEW

### धन्य कर देंगे इस 'लोक' के दर्शन

**Paatal Lok** ★★★1/2

**Cast:** Jaideep Ahlawat, Neeraj Kabi, Gul Panag, Abhishek Banerjee
**Creator:** Sudip Sharma
**Producer:** Anushka Sharma
**Director:** Avinash Arun & Prosit Roy
**Platform:** Amazon Prime Video

**नाम से** लग रहा होगा कि यह कोई माईथोलॉजिकल शो है, पर ऐसा नहीं है. मजेदार थ्रिलर है. मीडिया, समाज और राजनीति को जोड़ते हुए हमारे बीच से ही एक कहानी उठाई गई है. एक रावण के अंदर छुपा है राम और महाभारत में युधिष्ठिर का स्वर्ग लोक पहुंचना, इन संदर्भों को ध्यान में रखकर जबरदस्त सस्पेंस बनाया गया है. कहानी जर्नलिस्ट तरुण तेजपाल के नॉवेल 'द स्टोरी ऑफ माय असैसिंस' पर आधारित है. एक लोभी पत्रकार किस हद तक जा सकता है.

#### क्या है कहानी?

कहानी हाथीराम चौधरी ( जयदीप) की है. वह पुलिस में है. ईमानदार है. बेचारे को कभी किसी बड़े केस की जांच करने का चांस नहीं मिला है. ऐसे में किस्मत मेहरबान होती है. उसको एक हाई प्रोफाइल केस सुलझाने की जिम्मेदारी मिलती है. पर ईमानदार इंसान को सब आसानी से मिल जाए, यह कैसे हो सकता है? केस एक हाई प्रोफाइल पत्रकार संदीप (नीरज काबी) की हत्या की साजिश को लेकर है. अब वह हत्या की साजिश थी भी कि नहीं, उसकी गुत्थी सुलझाते-सुलझाते खुद हाथीराम जाल में फंसता जाता है. एक-एक करके रावण के अदंर राम और राम के अंदर रावण नजर आता है. निर्देशक प्रोसित और अविनाश ने 9 एपिसोड्स में सस्पेंस बरकरार रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. सुदीप ने कहानी में इतने लेयर्स डाले हैं कि इनके एक के बाद एक खुलते हुए आप कहानी से जुड़ते जाते हैं.

#### क्या है अच्छा?

सुदीप शर्मा ने किरदारों की जो संरचना की है, वह जबरदस्त है. बात-बात में ओरिजिनल संदर्भों को व्हाट्सऐप यूनिवर्सिटी के संदेशों से जोड़ना कहानी को और रोचक बनाता है. निर्देशन कहानी के लिहाज से परफेक्ट है. अनुष्का शर्मा की तारीफ होनी चाहिए कि उन्होंने इस तरह के सब्जेक्ट को प्रमोट किया.

#### क्या पसंद नहीं आया?

कहानी के कई दिलचस्प ट्विस्ट और टर्न हैं, पर इसके बावजूद कुछ दृश्य बेमतलब नजर आए. कुछ एपिसोड्स भी कम हो सकते थे.

#### एक्टिंग

जयदीप अहलावत जैसे उम्दा कलाकार के लिए इससे बेस्ट टाइम और कुछ नहीं हो सकता. इस शो में उन्हें वन मैन आर्मी कहा जा सकता है. थिएटर में रिलीज होती तो जंजीर वाले अमिताभ बच्चन की याद आ जाती. बंदे ने क्या काम किया है. गैंग्स ऑफ वासेपुर के बाद यह सीरीज उनके लिए मील का पत्थर साबित होगी. नीरज काबी का किरदार दमदार था, पर उनके अभिनय में स्टीरियोपन आया है. वह ज्यादा नहीं लुभाते हैं. श्रीधर दुबे ने छोटी भूमिका निभाई है, लेकिन वह कहानी को एक बड़ा ट्विस्ट देते हैं और उन्होंने छोटी भूमिका में भी प्रभावित किया है. अभिषेक बनर्जी के हिस्से ज्यादा संवाद नहीं हैं, लेकिन उन्होंने बिना संवाद के ही दमदार किरदार निभाया है. निहारिका ने शानदार परफॉरमेंस दी है, वह इस शो की जान हैं. स्वास्तिका के हिस्से जो भी आया है, उन्होंने उसे अच्छे से निभाया है.

#### फाइनल वर्डिक्ट

हिंदी वेब शोज के फैंस के लिए यह नया प्रयोग है, सो दर्शक इसे देखना पसंद करेंगे. थ्रिलर प्रेमियों के लिए यह एक अच्छा विकल्प साबित होगा. सेक्रेड गेम्स की टक्कर का है.

**Reviewed by** Anu Verma

RATING METER Poor ★ | Average ★★ | Watchable ★★★ | V.Good ★★★★ | Outstanding ★★★★★
For more reviews visit: www.inextlive.com/movie-reviews

# बहुत क्यूट हैं रणबीर और आलिया: मौनी



**अयान मुखर्जी की फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' में पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करेंगे दोनों**

**रणबीर कपूर** और आलिया भट्ट का रिश्ता अब किसी से छिपा हुआ नहीं है. वे भले खुलकर इसे एक्सेप्ट न करते हों लेकिन उन्होंने इसे छिपाने की कोशिशें बंद कर दी हैं. रणबीर और आलिया डायरेक्टर अयान मुखर्जी की अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र में पहली बार साथ स्क्रीन पर दिखाई देंगे. इस फिल्म में उनके साथ मौनी रॉय ने भी काम किया है, जिन्होंने इस कपल के रिश्ते को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है.

### 'दोनों बेहतरीन एक्टर हैं'

अपने एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि दोनों ही बेहतरीन एक्टर्स होने के साथ-साथ असल जिंदगी में अमेजिंग इंसान भी हैं. उनके साथ काम करना मेरी खुशनसीबी है. मैं दोनों के लिए खुश हूं. दोनों साथ में बहुत प्यारे लगते हैं. ऑन-स्क्रीन ही नहीं बल्कि ऑफ-स्क्रीन भी रणबीर और आलिया साथ में सुपर-डुपर क्यूट दिखते हैं. ब्रह्मास्त्र को इस साल दिसंबर में रिलीज करने की प्लानिंग है.



# 'धक धक गर्ल' संग काम करना चाहेंगे विक्की काजला

**हरियाणवी एक्टर** और सिंगर विक्की काजला के 'देसी देसी न बोल्या कर', 'श्याणो जी', 'बदली बदली लागे' और 'इंग्लिश मीडियम' जैसे कई गानों की पॉपुलैरिटी इस कदर है कि वे लोगों की जुबान पर हर वक्त चढ़े रहते हैं. अपनी इंडस्ट्री के बड़े-बड़े नामों के साथ काम कर चुके विक्की का कहना है, 'मैं माधुरी दीक्षित के साथ काम करना चाहूंगा.' अपनी इस इच्छा के पीछे की वजह बताते हुए वह कहते हैं कि माधुरी अच्छी इंसान तो हैं ही पर उनकी एक्टिंग कमाल की है. उनका एक्सपीरियंस भी बहुत ज्यादा है, जिससे मुझे काफी कुछ सीखने को मिलेगा. वहीं विक्की के ऑल टाइम फेवरिट एक्टर बॉलीवुड के ओरिजिनल 'ही-मैन' धर्मेंद्र हैं.

**विक्की के फेवरिट एक्टर बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र हैं.**

iLearn
Aaj Kuch Naya Seekhte Hai
विक्की काजला की लाइव परफॉरमेंस देखें आज शाम 7 बजे www.facebook.com/DJinext.iLearn पर.

### फिर एक बार शूटिंग शुरू करने को हैं बेताब

लॉकडाउन में उन्होंने सबसे ज्यादा किस चीज को मिस किया? इसके बारे में बताते हुए उन्होंने कहा की मैंने सबसे ज्यादा शूटिंग को मिस किया क्योंकि मेरे साथ बहुत सारे लोग जुड़े हैं जिनका घर इससे ही चलता है. वे लोग भी फंसे हुए हैं, जिसकी वजह से उनकी कमाई नहीं हो पा रही है. लॉकडाउन खत्म होते ही मैं सबसे पहले शूटिंग शुरू करूंगा क्योंकि हमने कई मूवीज लाइन-अप कर रखी हैं. मेरा एक सॉन्ग भी आने वाला है 'चंडीगढ़ रीलोडेड'. हालांकि, अभी यह तय नहीं है कि मैं उसमें नजर भी आऊंगा या नहीं.

### कपिल के साथ होना है 'लॉकडाउन'

अगर उन्हें किसी एक इंसान के साथ घर में बंद होना पड़े तो उस शख्स का नाम बताते हुए विक्की कहते हैं कि मुझे मौका मिले तो मैं कपिल शर्मा के साथ लॉकडाउन होना चाहूंगा क्योंकि वह बहुत अच्छे कॉमेडियन हैं. मुझे लगता है कि वह एक ऐसे इंसान हैं जो लॉकडाउन में भी खुश रह सकते हैं और दूसरों को खुश रख सकते हैं. साथ ही साथ, इस मुश्किल दौर को लेकर वह बोले कि लॉकडाउन में मुझे जो सीख मिली है वह यह है कि हमें अपनी हदें नहीं भूलनी चाहिए. आज आसमान एकदम क्लियर है, हवा बिल्कुल साफ है, नेचर जैसे कई साल पहले हुआ करती थी, उसी रूप में आ गई है. अगर हम चीजों का लिमिटेड इस्तेमाल करें जैसे अपनी गाड़ियों की जगह पब्लिक ट्रांसपोर्ट ज्यादा यूज करें और नेचर से खिलवाड़ न करें, तो हमारे लिए बेहतर है.



# अनन्या ने मांगी सुहाना से ड्रेस, मिला जवाब



**शाहरुख खान** की बेटी सुहाना ने हाल ही में अपनी मां गौरी से अपना एक फोटोशूट करवाया और वे तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर भी कीं. इन फोटोज में सुहाना ने ब्लू जींस के साथ प्रिंटेड टॉप पहना है. सुहाना की दोस्त और एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया कि मुझे यह टॉप पसंद है! लेकिन तुम मुझे कभी यह उधार नहीं दोगी. इसपर सुहाना ने अनन्या को जवाब दिया कि पहले मेरे शॉर्ट्स तो वापस करो. दोनों की बातचीत से पता चलता है कि वे कितनी अच्छी दोस्त हैं.

### एक साथ पढ़ी हैं दोनों

वैसे, इससे पहले अनन्या ने एक इंटरव्यू में कहा था कि सुहाना और मैं एक साथ एक ही स्कूल में पढ़ते थे. हम सभी स्कूल के ड्रामा में शामिल होते थे और वह मेन लीड हुआ करती थीं, जबकि मैं बैकग्राउंड में रहती थी. मुझे लगता है कि वह एक शानदार एक्ट्रेस हैं. सुहाना बहुत टैलेंटेड हैं. वह एक बेहतरीन सिंगर और एक बेहतरीन डांसर भी हैं.



## लॉकडाउन के दौरान मिली 'किंग खान' को बड़ी सीख

**सुपरस्टार शाहरुख** खान ने बताया है कि उन्होंने लॉकडाउन में घर पर रहते हुए क्या-क्या सीखा है. वह सोशल मीडिया पर लिखते हैं कि हम लंबे समय से अपनी कितनी इच्छाओं को बिना पूरा करे रह रहे हैं, जिनमें से ज्यादातर उतनी मायने नहीं रखती हैं जितनी हमें लगता था कि वे हैं.



हमें इमोशनली अपने करीब ज्यादा लोगों की जरूरत नहीं है, बल्कि उनकी जरूरत है जिनसे आप लॉकडाउन होने पर बात कर सकें. हम वक्त को थोड़ा रोककर अपनी जिंदगी को फिर से इमैजिन कर सकते हैं जबकि झूठी इनसिक्योरिटीज को हासिल करना हमपर हावी है. हम जिनके साथ बुरी तरह लड़े थे, उनके साथ हंस सकते हैं और जान सकते हैं कि हमारे आइडियाज उनके वालों से बड़े नहीं थे. इन सबसे ऊपर, प्यार की कीमत कभी कम नहीं होगी चाहे कोई आप से कुछ भी कहे.

For more news log on to inextlive.com/entertainment

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच**

सं. 46/रा.वि.आ.–पा.नि./नाला सफाई/टेण्डर–शुद्धी सूचना/2020 दिनांक: 16 मई 2020

**शुद्धी निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बहराइच के पत्र संख्या–27/रा.वि.आ.–पा.नि./नाला सफाई/टेण्डर/2020–21 दिनांक 12.05.2020 द्वारा 14 नालों की तल्लीझार सफाई के कार्य हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 20.05.2020 को सील बन्द निविदायें आमन्त्रित किये जाने की सूचना निर्गत करते हुए निविदा सूचना विवरण एवं शर्तो की जानकारी नगर पालिका परिषद बहराइच की बेबसाइड www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध होने की सूचना दी गयी थी तथा उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन पत्र संख्या–28/रा.वि.आ.–पा.नि./नाला सफाई/टेण्डर/2020–21 दिनांक 12.05.2020 द्वारा दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण एवं सूचना संसार तथा स्थानीय दैनिक निलय टाईम्स बहराइच में कराया गया है। अपरिहार्य कारणों वश नगर पालिका की उक्त बेवसाइड बन्द होने के कारण उक्त निविदा सूचना का पूर्ण विवरण नगर पालिका परिषद बहराइच की नई बेवसाइड www.nppbahraich.in पर देखी जा सकती है। शेष निविदा की तिथि, समय एवं शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

(पवन कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बहराइच

(रूबीना रेहान)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, बहराइच

We've done a GREAT job on Covid response, making all Governors look good, but the Lamestream Media doesn't want to go with that narrative.@realDonaldTrump

## आईनेक्स्ट लाइव

देश और दुनिया की सही व सटीक खबरें पढ़ने के लिए लॉग इन करें
www.inextlive.com

या स्कैन करें यह क्यू आर कोड.

# पेरू ने इनफेक्शंस में चीन को पछाड़ा

**कोरोनावायरस की जद में आया यह साउथ अमेरिकी देश ब्राजील के बाद सबसे ज्यादा इनफेक्टेड**

newsroom@inext.co.in
कोरोना का का हाहाकार पूरी दुनिया में लगातार कायम है. जहां एक ओर पूरी दुनिया में कोरोना की चपेट में आने के कारण अब तक 46.80 लाख लोग संक्रमित हैं वहीं 3.10 लाख लोगों की कोरोना के जद में आने के कारण मौत हो गई है. अब भी पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा मौतों के साथ अमेरिका सबसे आगे है जहां कुल मौतों का आंकड़ा 89 हजार के पास पहुंच गया है और जल्द ही यह 90 हजार के आंकड़े को पार करने की आशंका जताई जा रही है. वहीं, यहां इनफेक्टेड्स की संख्या भी 14.90 लाख से ज्यादा हो गई है और कुल ठीक होने वालों की संख्या भी 3.30 लाख के पास पहुंच गई है. रूस, ब्राजील, ब्रिटेन और स्पेन में कुल संक्रमण की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है. इस बीच, साउथ अमेरिका का देश पेरू ब्राजील के बाद ऐसा देश बन गया है जिसने कुल संक्रमण के लिहाज से चीन को पीछे छोड़ दिया है और अब यहां लगातार तेजी से इनफेक्शंस के केस सामने आ रहे हैं.

### क्या है पेरू का हाल?

85000 कुल इनफेक्शंस के साथ यह देश चीन को पछाड़कर सबसे ज्यादा संक्रमित देशों की लिस्ट में 12वें नंबर पर आ गया है. इसके ऊपर इंडिया का स्थान है और इंडिया में भी लॉकडाउन के बावजूद कोरोना आउटस्प्रेड में तेजी दिख रही है. पेरू में अब तक कोरोना के कारण 2400 मौतें हो चुकी हैं और 27150 लोग ठीक होकर अपने घरों को जा चुके हैं. चिंता वाली बात यह है कि कम संसाधनों वाले इस लैटिन अमेरिकी देश की आबादी 3.2 करोड़ है. ऐसे में, यह बीमारी इस देश को तोड़कर रख देगी.



● डेडबॉडी को सावधानी पूर्वक कवर करती मेडिकल टीम.

**पूरी दुनिया में 46.80 लाख हुए कोरोना से अफेक्टेड जबकि 3.10 लाख से ज्यादा हुई मौतों की संख्या**

**अमेरिका में 90 हजार मौतों का आंकड़ा जल्द हो सकता है पार, रूस, ब्राजील, ब्रिटेन और स्पेन में संक्रमित तेजी से बढ़े**

**15**% दुनियाभर में सामने आए कोरोना के क्लोज्ड केसेस के मुताबिक मोर्टेटेलिटी रेट है यह फिलहाल, जबकि 85 परसेंट लोग ठीक होकर जा चुके हैं अपने घर

**02**% लोग जो फिलहाल दुनियाभर में एक्टिव पेशेंट्स हैं वह सीरियस इनफेक्शंस से जूझ रहे हैं जबकि बाकी 98 परसेंट केस माइल्ड इनफेक्शन के हैं.

**3.30** लाख के आस-पास लोग अमेरिका में ठीक होकर अब जा चुके हैं अपने घर

**1.11** करोड़ से ज्यादा अमेरिका में की गई है अब तक कोरोना की टेस्टिंग

### क्या है अन्य देशों का हाल?

● अमेरिका के अलावा रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन और ब्राजील में शनिवार को कोरोना संक्रमण के केसेस में तेजी देखी गई. स्पेन में 2.76 लाख से ज्यादा इनफेक्टेड हैं और मरने वालों का आंकड़ा 27563 हो गया है. जबकि रूस में 2.72 लाख से ज्यादा इनफेक्टेड हैं जबकि मरने वालों का आंकड़ा 2537 हो गया है.

● लगातार 15 दिनों से यहां रोज 10 हजार से ज्यादा केस सामने आ रहे हैं. वहीं, ब्रिटेन में कुल संक्रमितों की संख्या 2.40 लाख से ज्यादा हो गई है और मरने वालों का आंकड़ा 34466 हो गया है. जबकि, इटली में 2.23 लाख से ज्यादा लोग इनफेक्टेड हैं और मरने वालों का आंकड़ा 31 हजार को पार कर गया है. ब्राजील में कुल संक्रमितों का आंकड़ा 2.20 लाख को पार कर गया है और मौतों की संख्या भी 15 हजार को पार कर गई है.

● वहीं फ्रांस में संक्रमितों का आंकड़ा 1.80 लाख के पास पहुंच गया जबकि मरने वालों की संख्या 27530 हो गई. जर्मनी में भी मौतों की संख्या 8001 हो गई है और संक्रमणों का आंकड़ा 1.76 लाख के करीब पहुंच गया है.

### क्या है दुनिया का हाल?

● अमेरिकी प्रेसीडेंट ट्रंप ने शनिवार शाम एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने डब्लूटीओ की फंडिंग फिर शुरू करने पर आखिरी फैसला नहीं लिया है. दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि अमेरिका डब्लूटीओ की फंडिंग फिर शुरू करने पर विचार कर रहा है.

● खबरों के मुताबिक, अमेरिका अब इस संगठन को उतना ही पैसा देगा जितना चीन देता है. लेकिन, ट्रंप ने साफ कर दिया है कि आखिरी फैसला फिलहाल नहीं किया गया है.

● सऊदी अरब की हेल्थ मिनिस्ट्री ने शनिवार शाम कहा कि देश में संक्रमण के मामले 50 हजार से ज्यादा हो गए हैं. शुक्रवार से शनिवार के बीच यहां कुल दो हजार 8 40 मामलों की पुष्टि हुई. कुल संख्या 51 हजार 980 हो गई.

● अमेरिकी नौसेना ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस हफ्ते यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट के पांच नाविक जो पहले पॉजिटिव मिले थे वे क्वारैंटाइन से आने के बाद दोबारा संक्रमित मिले हैं.

● अमेरिका में 24 घंटे में 1680 लोगों की मौत हो गई. देश में मरने वालों की संख्या 89 हजार के आस-पास हो गई है.

● इटली 3 जून से अंतरराष्ट्रीय यात्रा से प्रतिबंध हटा रहा है. इसी दिन देश में भी अंदर फ्री ट्रैवल की मंजूरी दी जाएगी.

● रूस में अब एंटीबॉडी प्लाज्मा के लिए लोगों की स्क्रीनिंग के प्रॉसेस को शुरू कर दिया गया है.

● चीन में 21 नए सामने आए हैं. वुहान के 1.1 करोड़ लोगों की टेस्टिंग की जाएगी. चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन के मुताबिक, शुक्रवार को मिले आठ केस में से 6 बाहर से आए मामले थे. देश में अब तक 82 हजार 941 मामले हो चुके हैं, जबकि 4633 लोगों की जान जा चुकी है.

● साउथ कोरिया में 19 नए मामले सामने आए हैं. मरीजों की संख्या 11,037 हो गई है. देश इस समय नए तरह के संक्रमण का सामना कर रहा है.

# इंडिया को अमेरिका देगा वेंटिलेटर्स, पीएम मोदी ने कहा- शुक्रिया



**NEW DELHI (16 May, Agency):** दुनिया को कोरोना मुक्त करने के लिए जितना संभव हो उतना राष्ट्रों का एक साथ काम करना जरूरी है. यह बात पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कही. वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इंडिया को वेंटीलेटर देने और साथ मिलकर टीका विकसित करने की घोषणा का ट्वीट करके जवाब दे रहे थे.

### क्या कहा पीएम मोदी ने?

पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट करके कहा, 'धन्यवाद! प्रेसीडेंट ट्रंप. हम सभी इस महामारी से सामूहिक रूप से लड़ रहे हैं. ऐसे समय में राष्ट्रों को एक साथ काम करने और दुनिया को स्वस्थ बनाने और कोरोना मुक्त करने के लिए जितना संभव हो उतना काम करना जरूरी है. भारत और अमेरिका की दोस्ती और मजबूत हुई है.'

### क्या है मामला?

● दरअसल, शुक्रवार को अमेरिकी प्रेसीडेंट डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट करके इंडिया को वेंटीलेटर देने का एलान किया था.

● डोनाल्ड ट्रंप ने अपने ट्वीट में कहा, 'मुझे ये घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका, इंडिया में हमारे दोस्तों को वेंटिलेटर दान करेगा.

● उन्होंने कहा था कि हम इस महामारी के दौरान भारत और नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं. हम वैक्सीन बनाने में भी सहयोग कर रहे हैं. साथ मिलकर हम अदृश्य दुश्मन को हरा देंगे.' उन्होंने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में एक प्रेस मीट में भी इंडियन साइंटिस्ट्स और शोधकर्ताओं की सराहना भी की थी.

# कोरोना से जंग में क्लीयर रखिए फैक्टर्स

newsroom@inext.co.in
इस समय इंडिया समेत पूरी दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही है. ऐसे में इस बीमारी से लड़ने के लिए और इससे अपना बचाव करने के लिए अपना कॉन्सेप्ट क्लीयर रखना बेहद जरूरी है. ऐसे ही कुछ अहम सवाल और उनके जवाबों पर डालिए नजर...

**कोविड-19 सवाल-जवाब**



**सवाल: क्या आयुर्वेद की दवा लेने से वायरस का संक्रमण नहीं होगा?**

जवाब: अगर आप कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए किसी भी तरह की आयुर्वेदिक दवाई का प्रयोग करते हैं तो उसे करते रहें. आयुर्वेद की औषधियां वायरस से लड़ने में मदद करती हैं और संक्रमण हो भी गया तो जल्दी ठीक हो जाता है. लेकिन इस बीच अगर कोई लक्षण आते हैं और तबियत बिगड़ती है तो डॉक्टर से सम्पर्क करें. वैसे संक्रमण तभी होगा जब आप बाहर जाएंगे या किसी संक्रमित के संपर्क में आएंगे. इसलिए बाहर जाएं और हर प्रकार की सावधानी बरतें.

**सवाल: सामान्य मास्क कैसे बचाएगा, एन-95 मास्क ज्यादा अच्छा है?**

जवाब: घर पर बना मास्क वायरस से बचने के लिए कारगर है लेकिन उसे समय-समय पर धोते रहें. अगर बाहर जाते हैं तो धूल, गंदगी या वायरस मास्क पर बैठ जाते हैं. इसलिए बाहर से आने के बाद मास्क साफ कर लेना चाहिए. घर में बने मास्क में 3 परत होनी चाहिए. उससे वायरस अंदर नहीं प्रवेश कर पाएगा. एन-95 मास्क केवल अस्पताल में काम करने वालों के लिए है क्योंकि वे मरीजों के सीधे सम्पर्क में आते हैं.

**सवाल: लोगों के अंदर कोरोनावायरस का डर बैठ गया है तो ऐसे में क्या करें?**

जवाब: कई बार संक्रमित मरीजों में डर रहता है कि वो ठीक होंगे कि नहीं. लेकिन उससे यही कहा जाता है कि आप जरूर ठीक होकर जाएंगे. हमारे देश में ठीक होने वाले मरीजों की संख्या ज्यादा है. ऐसे में जो घर में हैं उन्हें डरने की जरूरत नहीं है. अगर सभी दिशा-निर्देश का पालन कर रहे हैं तो आपको खतरा नहीं है. इसके अलावा जो लोग ठीक होकर आ रहे हैं उन्हें यह न समझें कि आपको संक्रमित कर देंगे. उनसे अब संक्रमण नहीं होगा.

# फेशियल हेयर और मास्क के तालमेल को समझें

newsroom@inext.co.in
कोरोनावायरस को लेकर इन दिनों सोशल मीडिया पर तमाम तरह की बातें चल रही हैं. इनमें कई बातें सच हैं, मगर ज्यादातर बातें झूठ भी हैं. ऐसे में, ट्विटर पर लगातार एक्टिव रहने वाले यूनीवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के चीफ ऑफ इनफेक्शियस डिजीज फहीम यूनुस (@FaheemYounus) ने कई ऐसे ही अहम सवालों, सिचुएशंस और फैक्टर्स के बारे में जानकारियां शेयर की हैं. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की कोशिश है कि इस कॉलम के जरिए आप कोरोना से जुड़े मिथ के साथ ही उन सारी बातों को जानिए जो आपके लिए जरूरी है. डालिए इन पर नजर...





**कोरोना फैक्ट चेक**

**सवाल:** क्या ऐसा होता है कि एन 95 मास्क का इस्तेमाल करने पर यह 100 परसेंट परिणाम नहीं देगा अगर आपके फेशियल हेयर हैं?

**जवाब:** देखिए, इस बात को समझने की बहुत जरूरत है. अगर आप रेगुलरली एन 95 मास्क का इस्तेमाल कर रहे हैं तो बेहतर होगा कि आप शेव कर लें क्योंकि यह फेशियल स्किन को सील कर देता है और इससे फेशियल हेयर के कारण आपको इस रीजन में इरीटेशन हो सकता है. एन 95 मास्क एयरबॉर्न 0.5 माइक्रॉन्स से भी छोटे पार्टिकल्स को 95 परसेंट तक रोकने में सक्षम है. हां, अगर आप एन 95 के अलावा साधारण मास्क या कपड़े के मास्क का इस्तेमाल करते हैं तो आपको फेशियल हेयर्स को शेव करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि वह पूरे चेहरे को ही ढंकने में सक्षम है.

**सवाल:** आप अक्सर हर्ड इम्यूनिटी को रॉन्ग आइडिया करार देते हैं, ऐसा क्यों?

**जवाब:** ऐसा इसलिए है कि लाखों जानों को दांव पर लगाकर पॉपुलेशन के कुछ हिस्से को बचा पाना कोई ऑप्शन नहीं होता है. मिसाल के तौर पर स्पेन की बात करते हैं. स्पेन दुनिया के उन देशों में शामिल है जहां सबसे ज्यादा हाई रेट पर इनफेक्शंस व मॉर्टेलिटी हुई है. इतने बड़े लेवल पर तबाही के बावजूद केवल 5 परसेंट पॉपुलेशन में ही हर्ड इम्यूनिटी विकसित होगी. हर्ड इम्यूनिटी तब विकसित होती है जब देश की 70 परसेंट जनसंख्या सेरोपॉजिटिविटी के दायरे को पार कर जाती है. इसका मतलब है कि ऐसा होने पर हर 1000 में से 100 लोग कोरोना से मारे जाएंगे. अगर किसी देश ने इसे अपना मेन प्लान बनाया तो वहां बड़ी आबादी महामारी की भेंट चढ़ जाएगी.

**iLearn** Dainik Jagran inext
Aaj Kuch Naya Seekhte Hai

### मिस न करें आज की क्लास

**कुकिंग**
**दीपाली प्रवीण**
दोपहर 12:00

**डांस**
**रिया सूद**
शाम 5 बजे

**ब्यूटी टिप्स**
**हिमानी खनेजा**
दोपहर 3 बजे

**लाइव परफार्मेंस**
**विकी काजला**
शाम 7 बजे

# चीन की घेराबंदी में जुटे देश, उठाए पांच स्टेप

**कोरोनावायरस को लेकर कई देशों में चीन के प्रति नाराजगी**

**NEW DELHI(16 May, Agency):** चीन का वुहान कोरोनावायरस आउटब्रेक का ओरिजन रहा. इसे लेकर दुनियाभर में लोग चीन से नाराज है. अमेरिका लगातार चीन को चेतावनी दे रहा है.चीन इसका बराबर विरोध कर रहा है. अब ड्रैगन को घेरने के लिए बहुत से देश मिलकर धीरे-धीरे उस पर दबाव बना रहे है. इससे चीन अलग थलग पड़ता दिख रहा है. इन कंट्रीज ने मिलकर पांच स्टेप उठाए है जिससे चीन को घेरा जा सका.



### ऑस्ट्रेलिया की तरह न्यूजीलैंड चाहता है जांच

**1.** कोरोनावायरस कैसा बना और इसके फैलने के कारण के पीछे की जांच की मांग करने वाला ऑस्ट्रेलिया वाला पहला देश है. लेकिन अब उसके पड़ोसी न्यूजीलैंड ने भी अब इसका समर्थन कर दिया है. गौरतलब है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी खुद इस मामले की जांच कर रही है. यूरोपियन कमीशन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भी कोरोनावायरस कैसे बना की स्वतंत्र जांच का समर्थन किया है.

### ताइवान को लेकर डब्ल्यूएचओ में वोटिंग

**2.** वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की मीटिंग में ताइवान की डब्ल्यूएचओ में एंट्री को लेकर वोटिंग होनी है. कनाडा, जापान, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्विजरलैंड और निकारागुआ ने वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन में ताइवान की मेंबरशिप के लिए समर्थन पर सहमति जताई है. हालांकि चीन समर्थन की इन आवाजों को दबाने की कोशिश कर रहा है और इन देशों को धमकी दे रहा है.

### यूएस और जापान बढ़ा रहे दूरी

**3.** संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने आर्थिक रूप से चीन से दूरी बनाना शुरू कर दिया है. जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कंपनियों को चीन छोड़ने का आदेश दिया है वहीं जापान ने भी ऐसा कदम उठाया है. जापान ने अपनी कंपनियों को चीन से दूर करने के लिए 2.2 बिलियन डॉलर का कोष स्थापित किया है. यूरोपियन यूनियन के देश, ऑस्ट्रेलिया और भारत ने अपने फॉरेन इन्वेस्टमेंट रूल को कड़ा दिया है. ताकि कमजोर हुए बाजार में चीन इन कंपनियों का अधिग्रहण न कर सकें.

### मुसलमानों के दमन के खिलाफ प्रस्ताव

**4.** चीन पर मानवाधिकारों के हनन और उल्लंघन के आरोप लग रहे हैं. अमेरिकी सीनेट ने चीन में उइगर मुसलमानों के दमन के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया है. प्रस्ताव में उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है जो उइगर मुसमलानों पर होने वाले अत्याचार के लिए जिम्मेदार हैं. इससे पहले अमेरिकी संसद में चीन के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध लगाने वाला बिल पेश हो चुका है.

### चाइनीज टेक्नोलॉजी पर प्रतिबंध की मांग

**5.** कई देश चाइनीज टेक्नोलॉजी पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर रहे हैं. अमेरिका ने पहले ही हुवावे पर लगाए बैन को एक साल के लिए बढ़ा दिया है वहीं वह अनय सहयोगियों को भी ऐसा करने के लिए जोर दे रहा है. अमेरिका ने हुवावे पर बैन लगाने के पीछे दलील दी थी कि उसके उपकरणों से सुरक्षा को खतरा है. यूएस का मानना है कि हुवावे के फाउंडर रेन झंगफे की चीन की सरकार से नजदीकियां हैं.

# क्वॉलिटी में इंडिया रहेगा कांपटीटिव

**नीति आयोग के मेंबर डॉ. वीके सारस्वत ने एसआरएम यूनिवर्सिटी (एपी) द्वारा आयोजित वेबिनार में रखी बात**




**AMRAWATI (16 may, Agency):** एसआरएम यूनिवर्सिटी एपी ने कोविड-19 रीसर्जेंस ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज व आरएंडडी के विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया. एसआरएम यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर डी नारायण राव ने इस वेबीनायर में कन्वीनर व मॉडरेटर की भूमिका निभाते हुए कहा कि कोविड-19 ने नए इंडिया के निर्माण के लिए कई अवसरों को जन्म दे दिया है. इससे इंडिया पर दुनिया का भरोसा बढ़ा है और पूरी दुनिया अब इंपोर्ट्स के लिहाज से चीन के अलावा इंडिया पर भविष्य में फोकस करेगी. 300 से ज्यादा एमएनसी चीन के बजाए अब इंडिया को बेस बनाकर इंपोर्ट्स संचालित करेंगी. जाहिर है भविष्य में भारत को अपनी वर्कफोर्स को वल्र्ड क्लास बनाने पर फोकस करना होगा. इस दौरान नीति आयोग के मेंबर डॉ. वीके सारस्वत ने कहा कि क्वॉलिटी, क्वॉन्टिटी और कॉस्ट में इंडिया पूरी दुनिया में कांपटीटिव रहेगा और यही इंडिया की सफलता की कुंजी होगी. उनके अलावा सभी पैनलिस्ट्स ने अपने पक्ष रखे और देश की जीडीपी में योगदान, सर्विस सेक्टर के सामने आ रही चुनौतियों को दूर करने के तरीकों पर अपनी बात रखी.

### दिग्गजों ने लिया हिस्सा

इस वेबिनार में डीआरडीओ के चेयरमैन डॉ जी सतीश रेड्डी, आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर अशोक झुनझुनवाला, शांता बायोटेक्स व एमिरिट्स के चेयरमैन डॉ. के वाराप्रसाद रेड्डी, वीसी रिसर्च के प्रोफेसर प्रशांत मोहपात्रा, अमेरिका से प्रोफेसर यूसी डेविस, प्रो. बीएस मूर्ति, प्रो. वीएस राव, डी एस्टी साइंटिस्ट-जी व एडवाइजर डॉ अखिलेश गुप्ता और इंडिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस डेवलपमेंट व आरएंडी के प्रेसीडेंट राकेश.के खंडाल समेत कई दिग्गजों ने अपनी बात रखी.

# ड्रैगन के गले की फांस बन गया 'सीपीईसी'

**ISLAMABAD (16 May, Agency):** चीन-पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर अब ड्रैगन के गले की फांस बन गया है. अरबों का पैसा लगाने के बाद भी चीन को वह फायदा नहीं मिल रहा है जिसके लिए उसने 60 अरब डॉलर का इनवेस्टमेंट किया था. अब यह रुपया चीन को डूबता हुआ दिख रहा है. गिलगित बाल्टिस्तान और पीओके के लोग भी इस प्रोजक्ट के खिलाफ हैं. कबायली इलाकों में काम कर रहे चीनी नागरिकों पर हमले भी बढ़े हैं. उधर, पाकिस्तान में इसे लेकर राजनीति भी चरम पर है. सीपीईसी प्रोजेक्ट के लिए पाकिस्तान दिसंबर, 2019 तक चीन से करीब 21.7 अरब डॉलर कर्ज ले चुका था. इनमें से 15 अरब डॉलर का कर्ज चीन की सरकार ने और बाकी का 6.7 अरब डॉलर वहां की फाइनेंशियल ऑर्गनाइजेशन से लिया गया है.

# स्वस्थ हुए 30 हजार

**NEW DELHI (16 May):** देशभर में कोरोनावायरस से इनफेक्टेड मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. सेंट्रल हेल्थ मिनिस्ट्री की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में कोरोना के 3970 नए मामले सामने आए हैं और 103 लोगों की मौत हुई है. इसके बाद देशभर में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 85,940 हो गई है, जिनमें 53,035 एक्टिव केस हैं. वहीं, 30,153 लोग स्वस्थ हो चुके हैं या उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और 2752 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं, शनिवार को उत्तर प्रदेश में 95 नए पॉजिटिव केस मिले हैं, जबकि कुल मरीजों की संख्या 4140 पहुंच गई है. राज्य में अब तक 107 लोगों की मौत हो चुकी है. अब तक 2165 मरीज स्वस्थ भी हो चुके हैं.

# गाड़ियों में सवार थे मजदूर

**यूपी के औरैया जिले में मजदूरों से लदे कंटेनर को डीसीएम ने मारी टक्कर**

**AURAIYA (16 May):** घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन मौके पर पहुंचा. ट्रॉले में सभी प्रवासी मजदूर सवार थे. एक डीसीएम गाजियाबाद से 20 मजदूरों को लेकर मध्यप्रदेश के सागर जा रहा था, जबकि चूना लदा ट्रॉला राजस्थान से पश्चिम बंगाल के लिए चला था. इसमें करीब 70 मजदूर भी सवार थे.

### शुरू हुई राजनीति

हादसे पर राजनीति भी शुरू हो गई है. फॉर्मर सीएम अखिलेश यादव ने सरकार पर मजदूरों की हत्या का आरोप लगाया. हालांकि अखिलेश ने भी हादसे में मारे गए मजदूरों के परिजनों को एक-एक लाख देने की घोषणा की है.

### एक्शन में योगी आदित्यनाथ

हादसे के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ एक्शन में आ गए. उन्होंने आला अधिकारियों से मामले की पूरी रिपोर्ट मांगी है. वहीं उन्होंने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने हादसे पर अपनी संवेदना भी जाहिर की.



● टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए.

### कैसे हुआ हादसा?

●शनिवार की सुबह करीब चार बजे मजदूरों को लेकर गोरखपुर जा रहा कंटेनर एक ढाबे के बाहर रुका. ●मजदूर दिल्ली व फरीदाबाद से कंटेनर में सवार हुए थे और गोरखपुर जा रहे थे. ●ड्राइवर चाय पीने चला और मजदूर सो रहे थे. इसी बीच तेज रफ्तार डीसीएम ने कंटेनर में टक्कर मार दी. ●टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर गड्ढे में जा गिरा और डीसीएम भी गड्ढे में पलट गई. ●जोर आवाज सुनकर ढाबे के लोग भागे. चीख-पुकार मच गई. पुलिस मौके पर पहुंची और पांच बजे से राहत कार्य शुरू हो गया.

### दो एसएचओ सस्पेंड

औरैया में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के बाद सरकार ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के साथ सख्त रुख अख्तियार किया है. मुख्यमंत्री योगी के आदेश पर फतेहपुर सीकरी (आगरा) और कोसी कलान (मथुरा) के एसएचओ को सस्पेंड कर दिया गया है.

**26** मजदूरों की मौत

**22** अस्पताल में हैं भर्ती

**15** सैफई पीजीआई को हुए रेफर

**05** की हालत है गंभीर

**02** लाख का मुआवजा

**50** हजार घायलों को

# पाक मूल के डॉक्टर पर आतंकवाद के आरोप तय

**WASHINGTON(16 May, Agency):** पाकिस्तानी मूल के एक डॉक्टर पर अमेरिका की संघीय ग्रांड जूरी ने इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) आतंकवादी संगठन के प्रति वफादारी निभाने की प्रतिज्ञा लेने और अमेरिका में स्वतंत्र रूप से आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की इच्छा जताने के आरोप तय किए हैं. अभियोग के मुताबिक, मुहम्मद मसूद (28), पाकिस्तान का लाइसेंस धारक मेडिकल डॉक्टर है जो एच1बी वीजा के तहत पूर्व में मिनेसोटा के रोचेस्टर के मेडिकल क्लिनिक में शोध समन्वयक के तौर पर कार्यरत था. मसूद के खिलाफ अभियोग की घोषणा अमेरिकी अधिवक्ता एरिका मैकडोनाल्ड ने शुक्रवार को की थी. मसूद 19 मार्च को मिनियापोलिस- सेंट पॉल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अरेस्ट किए जाने के बाद से हिरासत में था. इस साल जनवरी और मार्च के बीच, उसने कई अन्य बयान दिए जिसमें उसने इराक में इस्लामिक स्टेट और अल शाम (आईएसआईएस) एवं उसके सरगनाओं के प्रति वफादारी निभाने तथा आईएसआईएस के लिए सीरिया जाने की अपनी इच्छा के बारे में बताया.

